# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 209 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 27 जून 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

नोएडा बोर्ड में निकलेगा हल कैसे आए 34 हजार





P- 4


ब्लॉक परिसर में कर रहे अधिकारी संचारी रोग के रोकथाम की समीक्षा गांवो





P- 5

सऊदी अरब में आया परिवर्तनकारी बदलाव, युवा कर रहे डेटिंग


P- 6

ओलंपिक स्थान के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैपियनशिप में बेहतर


## हैप्पी मॉर्निंग

संता- यार कल मैंने एक आदमी को दरिया में डूबते हुए बाहर निकाल लिया।
बंता- फिर क्या हुआ?
संता- फिर वापिस दरिया में फेंक दिया।
बंता- तुमने ऐसा क्यों किया?
संता- कहावत है नेकी कर दरिया में डाल।

## शायरी

भ्रष्टाचारी सरकारें सत्ता से भगाई जायेगी,
किसानों की सोई हुई किस्मत जगाई जायेगी!

## अर्थसार

संसेक्स:
78,674.25
+620.73 (0.80%)
निफ्टी:
23,868.80
+147.50

## मौसम

अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 28
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 34

# नीट पेपर लीक में सीबीआई रिमांड पर चिंटू और मुकेश

### हजारीबाग में प्रिंसिपल से गेस्ट हाउस में टीम करेगी पूछताछ

पटना। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई दो आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसमें चिंटू कुमार और मुकेश कुमार शामिल हैं। सीबीआई कोर्ट के स्पेशल जज हर्षवर्धन सिंह ने बुधवार सुबह दोनों को 3 दिन की रिमांड पर भेज दिया है।

आर्थिक अपराध अन्वेषण इकाई की टीम ने दोनों को 22 जून को नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के मुरौरा गांव से गिरफ्तार किया था। उधर, कोलकाता पुलिस ने 25 जून की देर रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

आरोप है कि इसने स्टूडेंट के पेरेंट्स से मेरिट लिस्ट में नाम जोड़ने और कॉलेज में मेडिकल सीट देने के लिए 5 से 12 लाख रुपए तक की रकम वसूली है। इस मामले में अब तक 5 राज्यों में 27 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।




उधर, सीबीआई की एक टीम आज हजारीबाग कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल पहुंची। यहां टीम ने स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ की। इसके बाद टीम हजारीबाग स्थित स्टेट बैंक भी पहुंची, जहां प्रश्न पत्र भेजे जाने को लेकर जांच की। इसके बाद सीबीआई की टीम ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल को लेकर चरही स्थित सीसीएल के गेस्ट हाउस पहुंची, जहां पूछताछ की जाएगी।

## सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

नयी दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज़ कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। वेणुगोपाल ने बयान में कहा कि श्री पित्रोदा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गयी है। गौरतलब है कि पित्रोदा ने इस वर्ष मई में चुनाव के दौरान अपने एक बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में भारत में लोकतंत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरे जैसे दिखते हैं और शायद दक्षिण के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। कांग्रेस पार्टी ने उस समय उनके इस बयान से अपने आप को अलग रखा था।

# केजरीवाल को सीबीआई रिमांड

### रोजाना 30-30 मिनट पत्नी और वकील से मिल सकेंगे; दवाएं रखने और घर के खाने की इजाजत



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया है। कोर्ट ने उन्हें इजाजत दी है कि वे रोजाना अपनी पत्नी से और तीस मिनट अपने वकील से मिल सकेंगे। इसके साथ उन्हें अपनी दवाएं रख सकेंगे और उनके लिए घर का खाना आ सकेगा। बुधवार सुबह सीबीआई ने शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश कर 5 दिन की कस्टडी मांगी। कोर्ट ने करीब 4 घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शाम 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया। अगली सुनवाई 29 जून को होगी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलाई जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाए हैं। यह गलत है। मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। इससे पहले सुनवाई के दौरान ही कोर्ट रूम में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई थी। उनका शुगर लेवल गिरने के कारण कुछ देर के लिए उन्हें अलग रूम में शिफ्ट किया गया। हालांकि बाद में वे कोर्ट रूम में वापस लौट आए।

### केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका लगाएंगे

नए मामले में गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। लोअर कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में 20 जून को उन्हें जमानत दे दी थी। ईडी इसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची। 25 जून को हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट का फैसला पलट दिया। इसके खिलाफ केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू होने पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 25 जून को लोअर कोर्ट के जमानत देने के आदेश को पलट दिया है। अब हम हाईकोर्ट के 25 जून के ऑर्डर के खिलाफ नई याचिका लगाएंगे। इसलिए मौजूदा याचिका को अब वापस लाना चाहते हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के वकील सवी राजू की सहमति के बाद याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।

# अयोध्या में भारी बारिश, घरों में पानी घुसा

### तीन राज्यों में 10 लोगों की मौत; एमपी समेत 21 राज्यों में आज तेज बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में मंगलवार-बुधवार की रात मानसून की एंट्री हो गई। अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक जोरदार बारिश हुई।

अयोध्या में कई घरों में 2-3 फुट तक पानी भर गया। हनुमानगढ़ी चौराहे के पास रामपथ पर पानी भर गया। आज भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



उत्तर प्रदेश के देवरिया और लखीमपुर में बिजली गिरने से 3 बच्चों की मौत हो गई। राजस्थान में 2 और बिहार में 5 लोगों ने जान गंवाई।

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए 21 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र शामिल हैं।

तमिलनाडु, गोवा, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में भी बारिश का अलर्ट है।

## सूरज रेवन्ना पर सहयोगी ने किया यौन उत्पीड़न का केस

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना के खिलाफ सेक्शुअल हैरसमेंट का एक और केस दर्ज हुआ है। कर्नाटक के हासन से एमएलसी सूरज के खिलाफ अब उसके ही सहयोगी ने हासन थाने में मंगलवार को यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज पर 22 जून को भी यौन उत्पीड़न का केस दर्ज हुआ था। तब जेडीएस के एक कार्यकर्ता ने सूरज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

# राहुल गांधी लोकसभा में नेता विपक्ष बने

### पहली बार संवैधानिक पद संभालेंगे

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी ने मंगलवार (25 जून) को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि माहताब को इस संदर्भ में पत्र



लिखा। राहुल अपने 20 साल के पॉलिटिकल करियर में पहली बार कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। वे इस पद पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य होंगे। इससे पहले उनके पिता और पूर्व पीएम राजीव गांधी 1989-90 और मां सोनिया 1999 से 2004 तक इस पद पर रह चुकी हैं।

### 10 साल से खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद

लोकसभा में 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। 2014 और 2019 में किसी विपक्षी दल के पास इसके लिए जरूरी न्यूनतम 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा पेश करने के लिए किसी भी पार्टी को कुल 543 में से 55 सदस्यों का आंकड़ा पार करना होता है।

**हादसा** — मलबे में मिले शव, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा- देखते ही देखते चारों तरफ से आग ने घेर लिया

# राजस्थान : भिवाड़ी की दवा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 लोग जिंदा जले

भिवाड़ी। भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) के औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार शाम दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में धमाका हुआ था। हादसे में एक कर्मचारी झुलसकर बेहोश हो गया था जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत गई थी। 12 अन्य कर्मचारी झुलस गए थे। दमकल की 10 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के समय फैक्ट्री में 50 से अधिक कर्मचारी थे।

तीन कर्मचारियों की कोई खबर न हीं मिल रही थी। इस पर बुधवार को फैक्ट्री की सर्चिंग की गई। इस दौरान तीनों के शव मिले। हादसा खुशखेड़ा




इंडस्ट्रियल एरिया में वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ था। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे इस फैक्ट्री में धमाका हुआ।

तिजारा डीएसपी शिवराज ने बताया- मिर्जापुर (यूपी) निवासी अजय (24) पुत्र जटा शंकर झुलसकर बेहोश हो गया था। उसे पीछे वाले दरवाजे से निकाल कर प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए थे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

### ग्राउंड फ्लोर पर 2 और फर्स्ट फ्लोर पर एक शव मिला

तीन कर्मचारी नहीं मिल रहे थे। उनकी खोज के लिए मंगलवार रात 12 बजे तक नाइट विजन लाइट्स और अन्य इक्विपमेंट के साथ फैक्ट्री में की गई। पर कोई सफलता नहीं मिली। बुधवार को दुबारा सुबह 8 बजे से सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

ग्राउंड फ्लोर पर पड़े मलबे को हटाया तो इसमें दो शव मिले। इनकी पहचान यूपी निवासी विकास (24) पुत्र अभयराज और अमेठी (यूपी) निवासी विशाल (22) पुत्र राजकुमार सिंह के तौर पर हुई है। इसके बाद फैक्ट्री के फर्स्ट फ्लोर पर सर्चिंग की गई। यहां जम्मू-कश्मीर निवासी राजकुमार (34) पुत्र बंशी लाल का शव मिला।

### 12 कर्मचारियों को हॉस्पिटल पहुंचाया

फैक्ट्री में हुए धमाके में 12 कर्मचारी झुलस गए थे। खुशखेड़ा के प्राइवेट हॉस्पिटल बीएसएस के डॉ. नरेंद्र शेखावत ने बताया कि भर्ती मरीजों में सज्जन (40) पुत्र मानसिंह , नवीन कुमार (38) पुत्र हरि सिंह, शैलेश कुमार (30) पुत्र शेर सिंह, अवनेश कुमार (21) पुत्र नेम सिंह, रंजीत (23) पुत्र राकेश, शमशेर सिंह (36) पुत्र जयपाल पटेल, देव कुमार (28) पुत्र राम शंकर और दुर्गा पांडे (29) पुत्र शंभू नाथ पांडे को भर्ती कराया गया था। सभी को छुट्टी दे दी गई है।

# डूंगरपुर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर स्टूडेंट से 300 उठक-बैठक लगवाई

डूंगरपुर। डूंगरपुर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के 50 से ज्यादा स्टूडेंट के साथ रैगिंग हुई। इसके बाद कई की हालत बिगड़ गई। सीनियर स्टूडेंट (एमबीबीएस सेकेंड ईयर) ने फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट को कॉलेज के पास एक पहाड़ी पर बुलाया। उनसे 300 से ज्यादा उठक- बैठक करवाई। एक लड़के की किडनी और लिवर डैमेज हो गया है।

एक अन्य लड़के को भी हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा था। उधर, आरोपी सेकेंड ईयर के 7 स्टूडेंट को कॉलेज से सस्पेंड कर दिया गया है। मामला डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज का है। सदर थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया- मेडिकल कॉलेज डूंगरपुर के प्रिंसिपल एस बाला मरगुनवेलू की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। रैगिंग की ये पूरी घटना डेढ़ महीने पहले 15 मई की है। रिपोर्ट के अनुसार- मेडिकल कॉलेज में ही फर्स्ट ईयर एमबीबीएस के स्टूडेंट हर्षित खन्ना (बदला हुआ नाम) के साथ रैगिंग हुई है।

सेकेंड ईयर एमबीबीएस के सीनियर स्टूडेंट देवेंद्र मीणा, अंकित यादव, रविंद्र कुलरिया, सुरजीत, विष्णेंद्र धायल, सिद्धार्थ परिहार और अमन रागेरा ने हर्षित खन्ना को कॉलेज के पास ही एक पहाड़ी पर बुलाया। इसके बाद उसकी रैगिंग करते हुए 300 से ज्यादा उठक-बैठक करवाई थी।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन आतंकी ढेर, एनकाउंटर जारी

### एक जवान घायल; 11-12 जून को हुए दो हमलों के बाद से जारी है सर्च ऑपरेशन

डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में बुधवार (26 जून) को सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था, जिसके बाद सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ।

इस एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का जवान भी घायल हुआ है। आशिक हुसैन नाम के इस जवान को डोडा के सरकारी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां डॉक्टरों ने बताया है कि उनके दाहिने पैर में गोली लगी है।

अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को डोडा में दोहरा आतंकवादी हमला हुआ था। इसके बाद से सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आज सुबह 2-3 आतंकियों के सिनू पंचायत के गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसी दौरान ढोक (मिट्टी से बना घर) से आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की। इलाके में अब भी सर्च ऑपरेशज जारी है। पूरे इलाके पर ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिए नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि राजौरी जिले के चिंगस इलाके के पिंड गांव से मंगलवार शाम चीनी ग्रेनेड बरामद किया गया था।



### दो दिन में हुए थे दो हमले, 7 सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे

11 जून को चत्तरगल्ला में सेना-पुलिस की चौकी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 6 सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। इसके बाद 12 जून को गंडोह के कोटा टॉप पर आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। इसके बाद से ही इलाके में घुसपैठ करने वाले चार आतंकियों के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। सभी पर 5-5 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।




## संपादकीय



## चे ग्वेरा के विचार : एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण

**क्रांति कोई गुलाब का बाग नहीं है। यह संघर्ष है, यह भविष्य और अतीत के बीच एक संघर्ष है।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### चे ग्वेरा

चे ग्वेरा, जिनका पूरा नाम एर्नेस्टो चे ग्वेरा था, 20वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक क्रांतिकारी नेताओं में से एक थे। उनके विचार और कार्य आज भी दुनिया भर में प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। यह संपादकीय उनके जीवन, विचारों और क्रांतिकारी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालता है।

### चे ग्वेरा का जीवन

चे ग्वेरा का जन्म 14 जून 1928 को अर्जेंटीना में हुआ था। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई की और डॉक्टर बने, लेकिन उनकी यात्रा उन्हें एक क्रांतिकारी नेता के रूप में विश्वविख्यात बना गई। फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चे ग्वेरा का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है, जो उन्होंने गरीबों और उत्पीड़ितों के अधिकारों के लिए लड़ने में बिताया।

### चे ग्वेरा के प्रमुख विचार

1. **समानता और न्याय :** चे ग्वेरा का मानना था कि सभी मनुष्यों को समान अधिकार और न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने आर्थिक और सामाजिक असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाई और गरीबों और मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी।
यदि आप भय से मुक्त हैं और न्याय के पक्ष में खड़े हैं, तो आप एक सच्चे क्रांतिकारी हैं।
2. **समाजवाद :** चे ग्वेरा समाजवाद के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि समाजवाद ही एकमात्र ऐसा मार्ग है जो सभी को समान अवसर और संसाधन प्रदान कर सकता है। उन्होंने क्यूबा में समाजवादी नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
3. **अंतर्राष्ट्रीयतावाद :** चे ग्वेरा का दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीयतावादी था। उन्होंने विभिन्न देशों में क्रांति का समर्थन किया और वहां की जनता के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने कांगो और बोलिविया में क्रांतिकारी आंदोलनों में भाग लिया।
4. **न्याय के लिए संघर्ष :** चे ग्वेरा का मानना था कि क्रांति बिना संघर्ष के संभव नहीं है। उन्होंने हमेशा अत्याचारियों और उत्पीड़कों के खिलाफ संघर्ष का समर्थन किया। उनका जीवन इसी संघर्ष का प्रतीक है।

**क्रांति की लौ को बुझने मत देना, उसे हमेशा जलाए रखना।**

### चे ग्वेरा की विरासत

चे ग्वेरा की विरासत आज भी जीवित है। उनकी विचारधारा और दृष्टिकोण दुनिया भर के क्रांतिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार हमें यह सिखाते हैं कि न्याय और समानता के लिए हमेशा संघर्ष करना चाहिए, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों।

### चे ग्वेरा के विचारों की प्रासंगिकता

चे ग्वेरा के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, विशेषकर उन समाजों में जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बनी हुई हैं। उनका दृष्टिकोण और संघर्ष हमें यह सिखाते हैं कि हमें हमेशा न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए।

**क्रांति का अर्थ है न्याय, समानता और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष।**

**निष्कर्ष**

चे ग्वेरा का जीवन और विचार हमें यह सिखाते हैं कि एक सच्चे क्रांतिकारी के लिए न्याय और समानता सबसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं। उनकी विचारधारा और दृष्टिकोण आज भी दुनिया भर में प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर अपने समाज को न्यायसंगत और समान बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

चे ग्वेरा के विचारों से प्रेरणा लेकर हम एक बेहतर और न्यायसंगत समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## अफगानिस्तान में महिलाओं की दुर्दशा

अफगानिस्तान में तालिबान को तीसरा साल हो गया है। 15 अगस्त, 2021 को उन्होंने दूसरी बार सत्ता पर कब्जा किया था। उम्मीद की जा रही थी कि महिलाओं के प्रति उनके रवैये में तब्दीली आएगी। उनको शिक्षा पाने की इजाजत भी मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत समेत ऐसे बहुत से देश हैं, जो महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में लगे हुए हैं। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी है, ?जबकि दूसरी तरफ अफगानिस्तान में महिलाओं को कोड़े मारे जाते हैं।

हाल ही में तालिबान द्वारा 14 महिलाओं और 60 से ज्यादा लोगों को दंड के तौर पर सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारे गए, जिसकी सारी दुनिया में निंदा हो रही है। उल्लेखनीय है कि तालिबान के 1990 के दशक के शासन में भी यही होता था। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनएचसीआर ने कहा कि नवंबर, 2022 से अप्रैल, 2023 के बीच अफगानिस्तान में ऐसी शारीरिक सजा के 41 से ज्यादा मामले सामने आए हैं, जिनमें 58 महिलाएं और 274 मर्द और बच्चों को अलग-अलग अपराधों के लिए कोड़े मारे गए। नाबालिग और कमसिन बच्चियों को जबरन शादी करने के लिए मजबूर किया जाता है। लड़कियों में खुदकुशी करने की प्रवृत्ति काफी बढ़ रही है। तालिबान ने सत्ता संभालते वक्त वादा किया था कि उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। लेकिन वे घर से बाहर अकेले नहीं निकल सकतीं और न ही नौकरी कर सकती हैं।

अफगानी महिलाएं घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। तालिबान ने अफगानी महिलाओं को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए विश्वास दिलाया था, लेकिन वहां हो कुछ और ही रहा है। पश्चिमी देशों ने अफगानिस्तान को दी जाने वाली मदद पर रोक लगा दी है।

अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देश ऐसे शासन की मदद नहीं करना चाहते, जिसने लड़कियों की शिक्षा पर रोक लगा रखी है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएन वूमेन ने बताया है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। उसने वहां महिलाओं का दमन रोकने के लिए वैश्विक कार्रवाई की मांग की है। और कहा है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की हालात में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने आवश्यक हैं। तालिबान ने तीन वर्षों के शासन में

सुधार का कोई कदम नहीं उठाया। तालिबान ने सत्ता पर कब्जा करके 70 से ज्यादा ऐसे आधिकारिक फरमान जारी किए हैं। और वे अभी तक कायम हैं, जिसका महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस समय 11 लाख लड़कियां स्कूल नहीं जा रहीं और एक लाख से ज्यादा महिलाएं यूनिवर्सिटी में पढ़ाई नहीं कर पा रही हैं।

महिलाएं निर्णय लेने का अधिकार हासिल करना चाहती हैं। वे न केवल अपने घरों में, बल्कि सरकार व अन्य स्थानों पर भी अधिकार चाहती हैं, लेकिन उनकी ये मांगें पूरी नहीं हो रही हैं। इसलिए उनका दर्जा व परिस्थितियां खराब होती जा रही हैं।

# भाजपा अयोध्या यूँ ही नहीं हारी



निर्मल रानी



जिस अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के बल पर भाजपा तीसरी बार सत्ता में पूर्ण बहुमत से आने का सपना संजोए बैठी थी उसी अयोध्या ने पिछले दिनों मानसून पूर्व की केवल एक दिन की बारिश में यह बता दिया कि किस तरह मंदिर निर्माण व अयोध्या के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। गत दस वर्षों से सत्ता की गोद में बैठा मीडिया अयोध्या के विकास की इकतरफ़ा गाथा गाने में व्यस्त था। चारों शंकराचार्य सहित और भी कई बड़े बड़े संत महात्मा पुरज़ोर तरीक़े से यह आवाज़ उठा रहे थे कि चूँकि मंदिर निर्माण अभी अधूरा है लिहाज़ा अपूर्ण मंदिर भवन में विशेषकर आधे अधूरे मंदिर शिखर के नीचे राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करना शास्त्रसम्मत नहीं है।

परन्तु राजनीति के स्वयंभू चाणक्यों ने किसी संत महात्मा की बात पर ध्यान नहीं दिया। और केवल लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का ग्रांड शो रच डाला। और उसी स्वयंभू दूरगामी चाणक्य नीति ने यह नारा दे दिया कि जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे।

केवल इतना ही नहीं बल्कि अपने विरोधियों को गोदी मीडिया के माध्यम से हिन्दू विरोधी, राम विरोधी व सनातन विरोधी प्रचारित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

गोदी मीडिया ने भले ही राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने में एड़ी चोटी का ज़ोर लगा दिया परन्तु उत्तर प्रदेश के लोग विशेषकर अयोध्यावासी व स्थानीय समग्र साधु संत समाज अपूर्ण मंदिर भवन में निर्मित आधे अधूरे मंदिर शिखर की सच्चाई से भी वाक़िफ़ था और अयोध्या के विकास के नाम पर पूरे शहर की सड़कों नालों नालियों, सीवरेज प्रणाली के निर्माण में जम कर की गयी लूट खसोट से भी परिचित था।

आख़िर कार राम मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने स्वयं ही मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुये यह दावा किया कि यह दूसरी बार है जबकि राम मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार पहली बारिश में भी मंदिर की छत से पानी का रिसाव हुआ था।

उस समय भी उन्होंने विरोध किया था। आचार्य दास ने सवाल किया है कि %जब राम लला के विराट दिव्य मंदिर के निर्माण में देश के सुप्रसिद्ध इंजीनियर लगे हैं, उसके बावजूद मंदिर की छत से पानी का टपकना आश्चर्यजनक है।

जो मंदिर बन गए हैं और जहां रामलला विराजमान हैं, वहां पहली ही बारिश में पानी टपकने लगा। मंदिर के अंदर भी बरसात का पानी भर गया था।

राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट को इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि बने मंदिरों से क्यों पानी टपक रहा है ?

पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के आरोपों के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र को यह सफ़ाई देनी पड़ी कि 'मैंने ख़ुद मंदिर की पहली मंज़िल से बारिश का पानी टपकते हुए देखा है।

इसके पीछे वजह यह है कि अभी मंदिर की दूसरी मंज़िल पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे इसकी छत पूरी तरह खुली है। इसलिए वहां पानी भर गया और छत से नीचे भी टपका। इस तरह खुले फ़र्श पर पानी टपक सकता है।

लेकिन अगले महीने के अंत तक दूसरी मंज़िल की छत बंद हो जाएगी, फिर यह समस्या नहीं होगी।' नृपेंद्र मिश्र के बयान से ही यह साफ़ है कि मंदिर 22 जनवरी को भी अधूरा था और आज भी अधूरा है लिहाज़ा क्या वजह है कि उस समय शंकराचार्यों व संतों की बात नहीं मानी गयी ? और आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा दी गयी ?

लिहाज़ा यदि 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा पूर्णतः राजनैतिक नहीं थी तो और क्या थी ? ख़बर है कि मंदिर के मुख्य शिखर को प्लास्टिक, कपड़ों व बांस बल्लियों से बनाकर तैयार किया गया था।

मानसून की शुरूआती बारिश में केवल अयोध्या राम मंदिर की छत से ही पानी नहीं टपका बल्कि लगभग पूरी अयोध्या त्राहि त्राहि करने लगी। एक दिन की बारिश में ही राम पथ पर सआदतगंज से लेकर लता चौक तक कम से कम 20 जगहों पर सड़कों में गड्ढे पड़ गये। कई जगह सड़कें धंस गईं।

नाले व नालियां जाम हो गये। जबकि हाई टेक अयोध्या के निर्माण का दावा किया जा रहा था ? प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सड़क धंसने वाली कुछ जगहों पर कुछ दिन पहले ही अमृत योजना के तहत सीवर पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया था।

सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद सिर्फ़ गिट्टी डालकर सड़क को अस्थायी रूप से पाट दिया गया।

उसकी ठीक ढंग से मरम्मत नहीं कराई गई। इसी का नतीजा रहा कि बारिश में यहां पर सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि काम मानक के अनुरूप नहीं किया गया जिसके कारण सड़क धंस गयी। इसी तरह राम मंदिर के बिल्कुल क़रीब रेलवे स्टेशन मार्ग पर कॉलोनी जलवानपुरा में जलभराव हो गया जिसके चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। अयोध्या नगर की दर्जनों दुकानों और मकान में बरसात का पानी घुसने से लोग परेशान हुये।


अयोध्या व उत्तर प्रदेश के सुदूर राज्यों में बैठे लोग गोदी मीडिया द्वारा परोसी गयी हाई टेक अयोध्या व मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह व इसमें शामिल विशिष्ट व अतिविशिष्ट लोगों की भीड़ को चाहे जिस नज़रिये से देख रहे हों परन्तु हक़ीक़त में अयोध्या वासी बहुत क़रीब से न केवल इस ढोल में छिपे पोल को देख रहे थे बल्कि इसी प्रचारित हाई टेक अयोध्या के निर्माण व विकास के नाम पर उजाड़े गये अपने घरों की तबाही व अपने तबाह हुये व्यवसायों के भी भुक्तभोगी थे। वे यह भी देख रहे थे कि किस तरह सत्ता संरक्षण में बाहरी कंपनियों व ठेकेदारों द्वारा भगवान राम के नाम पर लूट मचाई जा रही है।

यही वजह थी की विपक्षियों के बारे में सत्ता व मीडिया द्वारा तमाम दुष्प्रचार करने के बावजूद अयोध्यावासियों ने जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे जैसे नारे को फ़र्ज़ी समझते हुये भाजपा के प्रत्याशी को अप्रत्याशित रूप से हरा दिया और उस समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाया जिसके बारे में गोदी मीडिया सत्ता के हवाले से यह दुष्प्रचार कर रहा था कि यदि यह जीते तो राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवादेंगे।

दरअसल अयोध्या व उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा के झूठ भ्रष्टाचार व पाखंड को भली हन्ति पहचान लिया था। भाजपा अयोध्या यूँ ही नहीं हारी है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3225




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3224 का हल



## हंसी के फूव्वारें

बबलू अपने मित्र को पिछले रविवार का हाल बता रहा था. 'छुट्टी के दिन सुबह ही से मैं अपने बगीचे में काम कर रहा था. अचानक वहां मुझे एक सिक्का मिल गया. मैंने उसे उठाकर अपनी जेब में रख लिया और दोबारा काम करने लगा. फिर मुझे एक सिक्का मिला, उसे भी मैंने जेब में डाल लिया और काम शुरू कर दिया. तकरीबन दस बार ऐसा ही हुआ.'

मित्र ने दिलचस्पी से पूछा, 'क्यों, क्या कोई खजाना छिपा हुआ था वहां?'

बबलू ने बताया, 'नहीं यार, मेरी जेब फटी हुई थी.'

□ □ □

'अरे यार, आज सड़क पर इतने सारे पेपर क्यों पड़े हैं?'

'भई, ये नगर निगम के इश्तहार हैं. इनमें आम जनता से अपील की गयी है कि सड़कों पर गंदगी न फैलायें.'

□ □ □

एक स्त्री अपने पति को झिड़ककर बोली, 'हाय-हाय ! मेरी तो किस्मत ही फूट गयी, जो तुमसे विवाह हुआ. मुझे तुमसे अच्छे और ज्यादा अक्लमंद वर मिल रहे थे.'

पति बोला, 'बेशक वे मुझसे ज्यादा अच्छे और अक्लमंद थे. तभी तो तुम्हारे चंगुल में नहीं फंसे.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3225



**बायें से दायें:-**

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमीं' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३


**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 3224



## सूडोकु -3225



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3224 का हल



## शब्द पहेली - 3225



**बाएँ से दाएँ**

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली - 3224 का हल



# खेत से अवैध खनन कर लाखों रुपये की मिट्टी चोरी

## विरोध करने पर किसान पर जानलेवा हमला, खेत को 7 फीट गहरा कर दिया



जेवर। मामला क्षेत्र के मेहंदीपुर गांव का है। जहां मंगलवार की रात एक किसान के खेत से खनन कर लाखों रुपये कीमत की मिट्टी चोरी कर ली गई। बुधवार की सुबह किसान को मामले की जानकारी हुई। पीड़ित किसान का कहना है कि विरोध करने पर आरोपित ने फावड़े से जानलेवा हमला किया। घटना की शिकायत पुलिस से शिकायत की गई है। लोगों का कहना है कि पुलिस के संरक्षण में ही क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार हो रहा है।

क्षेत्र के खेरली भाव गांव के रहने वाले तौफीक का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2023 में क्षेत्र के मेहंदीपुर बांगर गांव में दो बीघा जमीन खरीदी थी। इसके बाद से ही पीड़ित किसान वहां खेती करता आ रहा है। उनका कहना है कि सोमवार की रात मेहंदीपुर गांव ही रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा उनके खेत से मिट्टी का अवैध खनन किया गया। खेत से करीब 7 फीट गहराई तक मिट्टी को खोदा गया जिससे खेत तालाब नुमा बन गया है। सूचना के बाद बुधवार को पीड़ित खेत पर पहुंचा और आरोपी से मिट्टी का खनन करने का विरोध किया गया।

### विरोध करने पर फावड़े से किया हमला

आरोप है कि आरोपित द्वारा पीड़ित को जान से मारने की नीयत से फावड़ा से हमला कर दिया। गनीमत रही कि पीड़ित किसान फावड़े के हमले से बाल बाल बच गया। घटना के बाद मामले की जानकारी डायल 112 को दी गई। बाद में कोतवाली पहुंचकर आरोपित के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

### शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज

पीड़ित किसान का कहना है कि क्षेत्र के रोनिजा गांव के जेसीबी और डंपर मालिक से मिलकर आरोपी ने मिट्टी का अवैध खनन किया है। एडीसीपी अशोक कुमार का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही खनन माफियाओं के पूरे गैंग को गिरफ्तार किया जायेगा।

# परिषदीय स्कूल में छात्र चार परीक्षाएं देंगे

नोएडा। परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं का अब वर्ष में चार बार मूल्यांकन होगा। अगस्त और दिसंबर में सत्रीय परीक्षाएं होंगी। अक्तूबर में अर्धवार्षिक और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।तीन वर्ष पहले कोरोना संक्रमण के चलते सिर्फ सत्रीय परीक्षाएं आयोजित की जा रही थीं। ऐसे में विद्यार्थियों का वर्ष में सिर्फ दो बार ही मूल्यांकन हो पा रहा था। बेसिक शिक्षा विभाग अब फिर से दोनों सत्रीय परीक्षाएं शुरू कराने जा रहा है। ऐसे में परिषदीय स्कूलों के छात्रों का साल भर में चार बार मूल्यांकन होगा। वर्ष 2024-25 के शैक्षिक कैलेंडर में दोनों सत्रीय परीक्षाओं को फिर से शामिल कर लिया गया है। शिक्षा विभाग महानिदेशालय ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा विभाग को साल में चार बार परीक्षा कराने की तैयारी के लिए आदेश दिया। निर्देश में यह भी कहा गया कि अंग्रेजी, गणित सहित अन्य विषयों में कमजोर छात्रों को छुट्टी के बाद रोककर अलग से पढ़ाया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि प्रत्येक स्कूलों को वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर को लागू कर फॉलो करने के आदेश दिए हैं। इसमें प्रत्येक शनिवार चौपाल लगाने के लिए कहा गया है।

# ग्रेटर नोएडा में मोबाइल-लैपटॉप चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने एक बड़े ही शातिर गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह लोग कॉलेज यूनिवर्सिटी में एग्जाम देने आए छात्रों की बाहर खड़ी हुई गाड़ियों से शीशा तोड़कर मोबाइल और लैपटॉप चोरी किया करते थे। पुलिस ने 43 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, एक गाड़ी व तमंचा आदि बरामद किए हैं।

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में 19 जून को गलगोटिया और आईआईएमटी कॉलेज में एग्जाम था। इस दौरान छात्र एग्जाम देने के लिए चले गए और अपने मोबाइल फोन व अन्य सामान गाड़ियों में रख कर चले गए। इसके बाद चोरों ने उनकी गाड़ियों को निशाना बनाया और गाड़ियों के शीशे तोड़कर व लॉक खोलकर गाड़ियों में रखे हुए मोबाइल फोन, लैपटॉप व अन्य सामान चोरी करके फरार हो गए।

छात्रों ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर एक गिरोह के बारे में जानकारी लगी। इसके बाद नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने दिल्ली के परमजीत और संजय को गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों बड़े ही शातिर किस्म के चोर हैं, जो एग्जाम सेंटर के बाहर खड़ी हुई गाड़ियों को अपना निशाना बनाते थे।

गाड़ियों के शीशे तोड़कर या उसके लॉक खोलकर उसके अंदर रखे हुए सामान को चोरी कर लिया करते थे। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से 43 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, तमंचा-कारतूस और अन्य सामान बरामद किया है। इसके साथ ही एक गाड़ी भी बरामद की है। चोरी के फोन में 15 आईफोन भी बरामद किए गए हैं।

# रेत से भरे ट्रक के नीचे कुचलकर शख्स की मौत

## 10 मीटर तक घसिटता रहा; दो हिस्सों में बंटा शव

एजेंसी




ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर बुधवार शाम एक बाइक सवार कंपनी कर्मी की बालू रेत से भरे ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। 10 मीटर तक बाइक सवार ट्रक के साथ घसिटता रहा। उसका शव दो हिस्सों में बंट गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही चालक को ट्रक समेत हिरासत में ले लिया है। माकनपुर खादर गांव निवासी कपिल (24) वीवो कंपनी में नौकरी करता था। करीब दो साल पहले पिता की मौत हो चुकी है। घर का पालन पोषण इसी की नौकरी से चलता था। बुधवार शाम वह नौकरी करने के बाद यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। सलारपुर अंडरपास के नजदीक पहुंचने पर दूसरी तरफ से आ रहे बालू से भरे ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक से नीचे गिर गया और बालू से भरा ट्रक उसके पेट से के ऊपर से निकल गया। करीब 10 मीटर तक वह ट्रक के नीचे दबा हुआ घसिटता रहा। जिससे उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया और मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के क्षत विक्षत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मनिंदर सिंह का कहना है कि परिजनों की तरफ से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। चालक को ट्रक समेत हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा बोर्ड में निकलेगा हल कैसे आए 34 हजार करोड़

## आईडीसी के सामने खोली जाएगी फाइल, बकायादार बिल्डर्स को मिल सकती है छूट

नोएडा। प्राधिकरण अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर करने जा रहा है। इसके लिए बिल्डर बकायादार जिनके मामले एनसीएलटी में है। इनसे बकाया रकम कैसे वापस ली जाए। इस पर आईडीसी से चर्चा की जाएगी। ये बातचीत आगामी 27 जून को होने वाली बोर्ड में होगी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक जिन 13 बिल्डरों को नोटिस जारी किया था। उनमें से एक ने जवाब नहीं दिया।

ऐसे में सिर्फ बातचीत की जाएगी। यदि बिल्डर भविष्य में केस वापस लेकर हमारे पास आता है तो शासन स्तर पर अवगत कराकर छूट का लाभ दिया जा सकता है। इन पर करीब 34 हजार करोड़ का बकाया है। ये बकाया ग्रुप हाउसिंग, कॉमर्शियल और अन्य श्रेणी में है।

### केस वापस लेने पर दिया जा सकता है ऑफर

दरअसल 2009-10 में नोएडा में ग्रुप हाउसिंग और कॉमर्शियल




परियोजनाओं का बूम आया था। इस दौरान प्लाट के कुल लागत का महज 10 प्रतिशत लागत राशि लेकर भूखंड आवंटित कर दिए गए। शेष बकाया के लिए किस्त बांध दी गई।

शुरुआत में बिल्डर और अन्य श्रेणी के बकायादार ने पैसे जमा किए। इसके बाद किस्त जमा नहीं की। प्राधिकरण ने नोटिस भेजा लेकिन बकाया जमा नहीं किया गया। रकम जमा नहीं करने पड़े इसके लिए बिल्डर एनसीएलटी चले गए। वहां दिवालिया की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कई परियोजनाओं के लिए आईआरपी भी नियुक्त हो चुके है। ऐसे में प्राधिकरण का पैसा पूरी तरह से फंस गया। इसको निकालने के लिए अब प्राधिकरण बिल्डर एनसीएलटी गए बिल्डरों के साथ सेटलमेंट करने का विचार कर रहा है। जिसके तहत वो बिल्डर जो केस वापस लेंगे उनको ऑफर दिया जा सकता है।

### ऐसे हुआ 34 हजार करोड़ का बकाया

ग्रुप हाउसिंग में एनसीएलटी गए बिल्डरों पर करीब 6 हजार करोड़ और कॉमर्शियल परियोजनाओं पर करीब 6 हजार करोड़। जिसमें हाल ही में सुपरनोवा जिस पर 2 हजार करोड़ और एटीएस पर करीब 2 हजार करोड़ का बकाया है।

एनसीएलटी में है। इसी तरह अन्य श्रेणी में भी बकायादार है। यानी कुल मिलाकर करीब 34 हजार करोड़ का बकाया है।ये वित्त से जुड़ा मामला है इसलिए बिना शासन अनुमति के बिल्डरों के लिए कोई नई स्कीम नहीं लाई जा सकती है।

इसी प्रस्ताव के मद्दे नजर प्राधिकरण ने 13 बिल्डर परियोजनाओं को नोटिस जारी किए थे। इन सभी के मामले एनसीएलटी में चल रहे है। इसमें एटीएस होम्स 640.46 करोड़ रुपए, सुपरटेक रियलटर्स 2,245.81 करोड़ रुपए, सुपरटेक लिमिटेड 815.73 करोड़ रुपए, लॉजिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड 446.44 करोड़ रुपए, लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स 666.80 करोड़ रुपए, थ्री सी 572.51 करोड़ रुपए प्राधिकरण के बकाया है। इसके अलावा अन्य भी है।

### 5 जून तक बिल्डर से मांगी गई खाली इंवेंट्री की जानकारी

प्राधिकरण ने 12 अन्य बिल्डरों से उनके यहां खाली इंवेंट्री की जानकारी मांगी है। ये वो बिल्डर है जो अमिताभ कांत सिफारिश में तो आते है लेकिन सिफारिश का लाभ लेने के लिए इन लोगों ने सहमति नहीं दी। इन 12 बिल्डर साइट पर प्राधिकरण नोटिस बोर्ड लगाए है। अब इनकी 5 जून 2024 तक की खाली इंवेंट्री की जानकारी मांगी है।

# नोएडा भंगेल एलिवेडट की चौड़ाई आधा मीटर होगी कम

## ट्रैक के साइड में इमारत आने से लिया फैसला, गोल्फ कोर्स का बढ़ा बजट, बोर्ड में जाएंगे प्रोजेक्ट

नोएडा। नोएडा में बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड की चौड़ाई आधा मीटर कम की जाएगी। ये चौड़ाई 90 मीटर तक कम होगी। इसके बाद चौड़ाई सामान्य हो जाएगी। इसकी वजह एलिवेटड के निर्माण में दो भवन का आना है। इन भवनों को भी करीब डेढ़ फीट तक तोड़ा जाएगा। इसके बाद ये ही रैंप का सही आकार आएगा। इससे संबंधित एक प्रस्ताव नोएडा की बोर्ड में कल रखा जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स प्रोजेक्ट को भी बोर्ड में लाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की कास्ट में करीब 10 करोड़ रुपए का वेरिएशन होना है। भंगेल एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 आगाहपुर से एनपीईजेड सेक्टर-82 तक बन रहा है। यह रोड करीब साढ़े किलोमीटर लंबा है। इसके निर्माण में करीब 500 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। अभी इसके निर्माण में भंगेल में स्थित दो इमारत आड़े आ रही हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण की



तैयारी है कि करीब 90 मीटर हिस्से में एलिवेटेड रोड की चौड़ाई आधा मीटर कम कर दी जाए।

### भंगेल एलिवेटड में डेढ़ फीट तक तोड़ी जाएंगी इमारत

पहले प्राधिकरण ने समाधान निकाला था कि सिर्फ एलिवेटेड के स्ट्रक्चर को जगह देने के लिए तोड़फोड़ की जाए। ऐसा होने पर दोनों इमारत करीब 2.5 मीटर टूट रही थीं। इससे इनकी छतें भी टूटतीं। अब तैयारी यह है कि यहां पर कम तोड़फोड़ करने के लिए करीब 90 मीटर की लंबाई में आधा मीटर चौड़ाई कम कर दी जाए। यह चौड़ाई दोनों तरफ की सड़क की कम होगी। साथ ही करीब डेढ़ फीट तक इमारत के एक हिस्से को तोड़ा जाएगा। जिससे उसके स्ट्रक्चर और एलिवेटड के स्ट्रक्चर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### 8 से 10 महीने में पूरा होगा काम

एलिवेटेड रोड का निर्माण जून-2020 में शुरू हुआ था। एग्रीमेंट के मुताबिक, एलिवेटेड रोड का काम 7 दिसंबर 2022 तक पूरा होना था। लागत विवाद के कारण इसका काम बंद पड़ा था। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि अब मौके पर काम तेजी से चल रहा है। अगले 8-10 महीने में इसका काम पूरा कर लिया जाएगा।

### गोल्फ कोर्स के बजट में वेरिएशन

सेक्टर 151ए में 113 एकड़ भूमि पर 94 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे गोल्फ कोर्स प्रोजेक्ट की कास्ट बढ़ गई है। इसकी कास्ट में करीब 10 करोड़ का वेरिएशन है। इसे बोर्ड में ले जाया जाएगा ताकि वेरिएशन पर अप्रूवल मिल सके। गोल्फ कोर्स का निर्माण 1 जुलाई, 2021 को शुरू हुआ, 31 दिसंबर, 2022 तक काम पूरा करने की समय सीमा थी। परियोजना को पूरा करने की वर्तमान समय सीमा मार्च 2025 है।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 70 लाख ठगे

**वाट्सऐप ग्रुप पर जुड़े थे 100 लोग, पहले दिया मुनाफा फिर ग्रुप से किया बाहर**


नोएडा। भारत और अमेरिका के शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाज़ ने एक महिला के साथ 70 लाख रुपए की ठगी कर ली। कई बार में ठगों ने पीड़िता से खाते में रकम ट्रांसफर कराई। जब पीड़िता पर और रकम निवेश करने का दबाव बनाया उसे ठगी की जानकारी हुई। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस उन खातों की जानकारी एकत्र कर रही है जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है।

### वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर ट्रेडिंग की दी जानकारी

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-27 में रहने वाली सुदेश ने बताया कि बीते अप्रैल में मीना, विजय शर्मा और करन मेहरा ने उनसे वॉट्सऐप पर संपर्क किया। तीनों ने शिकायतकर्ता को स्टॉक ट्रेडिंग की जानकारी देने को कहा। इसके बाद ठगों ने महिला को एक ऐसे वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़ने को कहा जहां भारतीय और अमेरिकी स्टॉक मार्केट में निवेश के अवसरों की जानकारी मिल सके। फिर महिला से जालसाज़ ने शेयर, ट्रेडिंग और निवेश संबंधी बात की। वॉट्सऐप ग्रुप ज्वाइन करने के बाद महिला को रोजाना स्टॉक और ट्रेड संबंधी जानकारी मिलने लगी।

### अधिक मुनाफा के चक्कर में लगाई बड़ी रकम

महिला ने प्रारंभिक चरण में निवेश किया तो उसे ठगों द्वारा कुछ मुनाफा भी




दिया गया। मुनाफे की रकम शिकायतकर्ता के खाते में ट्रांसफर की गई। इस दौरान निवेश के लिए कई कंपनियों की जानकारी भी शिकायतकर्ता को दी गई। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में शिकायतकर्ता ने 70 लाख रुपए का निवेश कर दिया। जालसाज़ ने जो ऐप डाउनलोड कराया था उस पर शिकायतकर्ता की रकम मुनाफे सहित दिख रही थी। पीड़िता ने जब रकम निकालने का प्रयास किया तो रकम नहीं निकली।

### 25 लाख कमीशन के बाद हो जाएगा ट्रांजैक्शन

जब रकम नहीं निकली तो ठगों ने महिला को बतौर कमीशन 25 लाख रुपए और देने को कहा। पीड़िता ने ठगों से मुनाफे की रकम से ही कमीशन काटने को कहा।

ठगों ने ऐसा करने से मना कर दिया और लगातार पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाते रहे। इसके बाद जालसाज़ ने पीड़िता को वॉट्सऐप ग्रुप से बाहर कर दिया। बाद में शिकायतकर्ता को पता चला कि ग्रुप पर जो सौ लोग जुड़े थे वे साइबर ठगी करने वाले गिरोह के ही सदस्य थे जो मुनाफे का स्क्रीनशॉट्स साझा कर रहे थे। ताकि सुदेश को झांसे में लेकर निवेश करवाया जा सका।

# घरेलू सहायिका की मौत के मामले में प्रेमी समेत तीन पर केस

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की ऐस सिटी सोसाइटी के फ्लैट में पंखे से लटक कर खुदकुशी करने वाली घरेलू सहायिका की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने घरेलू सहायिका के प्रेमी, उसके पिता और जीजा के खिलाफ केस दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि युवती ने प्रेमी की बेवफाई और उसकी प्रताड़ना से तंग आकर जान दी थी।बुलंदशहर निवासी परिवार ऐमनाबाद गांव में किराये पर रहता था। परिवार की 21 वर्षीय बेटी का रिश्तेदार राजा बाबू उर्फ राहुल से प्रेम प्रसंग था। युवती घरेलू सहायिका का काम करती थी। राहुल ने युवती को शादी का झांसा दिया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

वह युवती को ब्लैकमेल कर रुपये मांगने लगा। आरोप है कि राहुल ने उनकी बेटी को झांसे में रखकर किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। इसके बाद भी वह युवती को परेशान कर रहा था। छह जनवरी को घरेलू सहायिका ने एक मकान मालिक के फ्लैट में जाकर खुदकुशी कर ली थी। आरोप है कि घटना के दिन आरोपी प्रेमी राहुल, उसके पिता और जीजा ने युवती को धमकाया था। इससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया था। पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

# नोएडा के पर्थला फ्लाईओवर के पास कार में लगी आग

नोएडा। नोएडा के पर्थला फ्लाई ओवर के पास एक कार में आग लग गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग लगते ही कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की वजह से जाम लग गया। जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की एक गाड़ी को रवाना किया गया। आग को करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया गया। नोएडा के पर्थला फ्लाई ओवर पर टैक्सी नंबर की एक गाड़ी में आग लग गई। आग के समय चालक ही गाड़ी में मौजूद था।

# शार्ट न्यूज

## दोस्तों संग नहर में नहाने गया युवक डूबा

ग्रेटर नोएडा। जारचा थाना क्षेत्र के प्यावली गांव में एक युवक के नदी में डूबने का मामला संज्ञान में आया है। युवक अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने उतरा था, लेकिन वो नदी से बाहर नहीं आ सका। जिसके बाद अब एनडीआरएफ ने युवक को ढूंढने के लिए सर्च अभियान चलाया हुआ है। ग्रेनो वेस्ट से लकड़ों का एक ग्रुप नदी में नहाने के लिए प्यावली गांव की नहर में आया था। लेकिन उनमें से एक युवक के नहाते समय नदी में डूब गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ये मामला बीते दिन का है। लेकिन रिपोर्ट लिखे जाने तक युवक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। जारचा थाना क्षेत्र की पुलिस जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद बीते दिन से अब तक एनटीपीसी जारचा पुलिस के साथ एनडीआरएफ टीम का सर्च अभियान जारी है।

## आईएएस के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी

ग्रेटर नोएडा। साइबर जालसाजों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहीं मेघा रूपम के नाम से फर्जी आईडी बनाकर ठगी की। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मेघा रूपम तीन दिन पहले तक ग्रेनो प्राधिकरण में तैनात थीं। वह अब कासगंज की जिलाधिकारी हैं। साइबर ठगों ने इनके नाम पर इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना ली और लोगों से पैसा मांगना शुरू कर दिया। इसकी भनक लगते ही मेघा रूपम ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पूरी बात साझाकर बताया कि कुछ लोगों ने उनकी फर्जी आईडी बना ली है। उन्होंने लोगो से इससे सावधान रहने की अपील की। एक्स पर उन्होंने फर्जी प्रोफाइल का लिंक शेयर भी शेयर किया। फर्जी प्रोफाइल पर फॉलोअर की संख्या भी अच्छी खासी है।ठगी करने वाले उनके नाम से पैसे मांग रहे हैं।

## नोएडा में बोरे में बंद एक शख्स की मिली लाश

नोएडा। नोएडा के सर्फाबाद गांव में श्मशान घाट के पास नाले में बोरे से एक शख्स का शव मिला है। लाश तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। सड़ी गली अवस्था में मिलने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मौके पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम पहुंची है। पुलिस ने बताया, मृतक की उम्र करीब 30 से 35 साल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि शख्स की हत्या कर शव को बोरे में डालकर यहां फेंका गया। थाना सेक्टर-113 पुलिस मामले की जांच कर रही है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया, जानकारी मिलने पर मौके पर आला अधिकारियों के साथ थाना सेक्टर-113 की पुलिस पहुंची। नाले से शव को बाहर निकाला गया। शव तीन दिन पुराना लग रहा है। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। इसके लिए टीम बना दी गई है। आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट देखी जा रही है। उन्होंने बताया, पास के जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। ताकि मृतक की शिनाख्त की जा सके। उन्होंने बताया कि आगे की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने जांच सैंपल लिया है। फिलहाल जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## खुदाई कर रहे दो मजदूर दबे, एक की मौत

दादरी। अजायबपुर गांव के पास सीवर लाइन की खुदाई के दौरान दो मजदूर मिट्टी में दब गए। गंभीर रूप से घायल दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान हाथरस निवासी सनी ने दम तोड़ दिया। जबकि आदित्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक अजायबपुर गांव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से सीवर लाइन का कार्य कराया जा रहा है। दिवे इंटरप्राइजेज की ओर से मंगलवार रात खुदाई कर पाइप लाइन डाली जा रही थी। मौके पर 20 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। रात में सनी और आदित्य करीब दस फीट गहरे गड्ढे में पाइपलाइन को जोड़ रहे थे। आरोप है कि तभी चालक अनिल ने तेजी और लापरवाही से मशीन को चला दी। जिससे साइड के दीवार की मिट्टी पाइप लाइन जोड़ रहे सनी और आदित्य पर गिर गई। दोनों मिट्टी में दब गए। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सनी 25 की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। घटना की शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एसीपी अमित प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद में डिवाइडर से बाइक टकराने पर भीषण हादसा, एक युवक की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एक बाइक पर सवार दो युवक डिवाइडर पर लगे लोहे की बेरिकेडिंग से टकरा गए। जिसमें यूपी के रहने वाले युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठे मध्यप्रदेश के युवक को गंभीर चोटें लगी हैं। हादसा बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। थाना कविनगर क्षेत्र के गोविंदपुरम में भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक पर दो युवक सवार थे। जिनमें पहला युवक यूपी का, वहीं दूसरा युवक मध्यप्रदेश का रहने वाला है। इस हादसे के बारे में गाजियाबाद एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि 26 जून को दोपहर करीब 2: 30 बजे एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 14 एफजेड 4088 है, वह डिवाइडर से टकरा गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि बाइक पर सवार दो युवक डिवाइडर पर लगे लोहे की बेरिकेडिंग से टकरा गए हैं। जिसमें ई-ब्लॉक गोविंदपुरम थाना कवि नगर निवासी शिवम तोमर पुत्र राकेश की मौत हो गई है, जो बाइक चला रहा था। वहीं बाइक पर पीछे बैठे मध्य प्रदेश के मोंटू पुत्र मोहन घायल हैं। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया है।

## फिल्म सिटी से सीधा जुड़ेगा यमुना एक्सप्रेसवे, बोर्ड बैठक में 33 प्रस्तावों पर लगी मुहर

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 81वीं बोर्ड बैठक में 33 आम प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसमें कई मुद्दों पर आम समेत के साथ इसे पारित किया गया। जिसमें फिल्म सिटी को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधा जोड़ने का प्रस्ताव भी पास हो गया है। बोर्ड की बैठक में फिल्म सिटी पर नया 75-75 मीटर के इंटरचेंज बनेंगे। यहां जाने के लिए बड़ी गाड़ियों के लिए सुविधा होगी। अभी औद्योगिक सेक्टर एक्सेस है। इससे वहां असुविधा होती है। प्राधिकरण के भूखंड सरेंडर करने पर आवंटी को प्राधिकरण पैसा छह फीसदी ब्याज के साथ वापस करेगा। एनवर्ट और सुपरटेक कंपनी के द्वारा यमुना प्राधिकरण का पैसा नहीं देने पर आवंटन रद किया। दोनों 900 एकड़ के प्लाट हैं। मिक्स लैंड यूज और डाटा सेंटर पार्क की योजना को शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बिल्डर पर सुपर टेक प्लाट सेक्टर-17 में छह से सात आवंटियों का कोई बकाया नहीं है। इनको रजिस्ट्री करने के लिए अनुमोदन कर दिया है। बैठक में आवासीय ग्रुप हाउसिंग टाउनशिप में निर्माण कार्य के लिए 31 दिसंबर तक के लिए समय सीमा बढ़ाई गई है। ईस्टर्न पेरिफेरल का एनएचएआई को जो काम दिया गया है, उसकी सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है।

## गाजियाबाद में गैंगरेप के 2 आरोपी अरेस्ट

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नशीली रेड बुल पिलाकर 15 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप करने के दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। गैंगरेप पीड़िता का गुपचुप तरीके से इलाज करने और पुलिस को सूचित नहीं करने के आरोप में पुलिस ने डॉक्टर को भी हिरासत में लिया है। जिन दो लोगों ने पीड़िता पर स्नह्वक्रन कराने का दबाव बनाया, उनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीमें जुट गई हैं। मूल रूप से बागपत जिले में अशरफाबाद थल निवाएी एक परिवार फिलहाल गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गांव पसौंडा स्थित प्रेम गार्डन में रहता है। परिवार में मां और उनके तीन बच्चे हैं। मां फ्लैट्स में झाड़ू-पोंछा करके परिवार का गुजारा करती है। छोटे दो भाइयों की देखभाल 15 वर्षीय किशोरी करती है। 11 जून को इस किशोरी से शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के एक फ्लैट में गैंगरेप हुआ। आरोप लगा मकान मालिक के भतीजे सारिक और उसके दोस्त मोहित पर। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली।

# बदायूं में तहसीलदार का लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम बरेली की ट्रैपिंग में फंसा, तहसीलदार की भी होगी जांच



बदायूं। बदायूं में एंटी करप्शन की टीम ने दातागंज तहसीलदार के लिपिक राजीव कुमार शर्मा को पांच हजार रुपए की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। लिपिक गलत तरीके से दर्ज हुई जमीन का सही नाम पर दाखिल खारिज करने के एवज में पांच हजार रुपए वसूल रहा था। ऐन वक्त पर पहुंची टीम ने उसे धर दबोचा। टीम उसे पकड़कर मूसाझाग थाने ले गई और वहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके बाद टीम आरोपी को अपने साथ बरेली ले गई। एंटी करप्शन टीम बरेली के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि कोतवाली और तहसील दातागंज इलाके के गांव कैशोपुर निवासी नंदकिशोर ने पिछले दिनों बरेली आफिस पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसकी पिता की मौत के बाद अधरऊ गांव में मौजूद विरासत की जमीन के गाटा संख्या को गलत दर्ज कर दिया गया है। इसे सही नाम पर कराने के लिए लिपिक राजीव से संपर्क साधा तो वह पांच हजार रुपए बतौर रिश्वत मांग रहा है।

### फिर शुरू की ट्रैपिंग

सीओ के निर्देश पर टीम ने ट्रैपिंग की योजना बनाई और नंदकिशोर को पांच हजार रुपए लेकर आरोपी के पास सुनयोजित ढंग से भेजा। जो नोट टीम द्वारा दिए गए उनके नंबर पहले से टीम पर लिखे हुए थे। नोट भी फिनाफ्थलीन पाउडर से ट्रीट किए गए थे। टीम भी अलग वेश बनाकर वहां पर फील्डिंग लगा दी। जैसे ही लिपिक ने नोट लिए टीम ने उसे धर दबोचा। आरोपी के हाथ धुलवाए गए तो पाउडर के कारण पानी का रंग गुलाबी हो गया।

उसका सैंपल टीम ने प्रिजर्व कर लिया। जबकि इसके बाद वहां भीड़ इकट्ठी हुई तो टीम आरोपी को गाड़ी में डालकर मूसाझाग थाने ले आई। यहां उसके खिलाफ एफआईआर लिखाई गई है। इस मामले में तहसीलदार की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ भी जांच को लिखा गया है। वजह है कि गिरफ्तारी तहसीलदार के कक्ष से हुई थी। जाहिर है कि कहीं न कहीं उनकी या तो लापरवाही रही या फिर उनकी घूसखोरी में रजामंदी रही होगी।

# बुलंदशहर में पत्नी ने की थी पति की हत्या

बुलंदशहर। बुलंदशहर में गत 21 जून को चांद खान की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि सम्पति के लिए पत्नी ने ही चांद की हत्या करवाई थी। पुलिस ने शबनम पत्नी चांद खान निवासी डीएम रोड चारयार थाना कोतवाली नगर, अजय उर्फ अज्जू पुत्र नरेश चन्द्र शर्मा निवासी रामबाड़ा और फारुख पुत्र मुखत्यार निवासी ग्राम चचोला थाना दनकौर को गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि मृतक चांद खान द्वारा अपनी पहली पत्नी शबनम के साथ आये दिन मारपीट करता था। अपनी सम्पत्ति को दूसरी पत्नी के नाम करने की धमकी देता था। इसे तंग आकर शबनम ने अपने भाई फारुख को सारी बात बताई।

### दूसरी पत्नी झारखण्ड की रहने वाली है

कहा कि यदि चांद खान की हत्या नहीं की गयी तो उसके द्वारा बनाया गया मकान और पैतृक सम्पत्ति अपनी दूसरी पत्नी के नाम कर दी जायेगी। इस पर फारुख ने कहा कि मैं ऐसे लोगों को जानता हूं जो पैसे लेकर चांद खान की हत्या कर देंगे।

# आगरा में बाप ने बेटी के साथ किया रेप

आगरा। आगरा में सौतेले पिता ने 14 की बेटी से दुष्कर्म किया। आरोप है कि मां ने भी पिता का साथ दिया। बच्ची का मुंह बंद कर दिया गया। बच्ची के चाचा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

केस थाना खंदौली के एक गांव का है। पीड़िता के चाचा ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है। उसका कहना है- घर पर भाई-भाभी के साथ ही 14 साल की भतीजी थी। चाचा का कहना है कि उसके भाई ने अपनी ही बेटी के साथ बंद कमरे में दुष्कर्म किया। भाभी ने अपनी ही बेटी का मुंह बंद कर दिया।

भतीजी चीखी तो पड़ोस में रहने वाली महिला पहुंची। भतीजी चीखती हुई कमरे से निकली। भतीजी ने अपनी दादी और चाचा को पूरी बात बताई। मां और भाई के विरोध करने पर बच्ची के माता-पिता ने मारपीट की। आरोपी फरार हो गए हैं।

# राजभर के विधायक पेपर लीक स्टिंग में फंसे

## अभ्यर्थी से कहते नजर आए-कई राज्यों में भर्तियां कराता हूं, मेरा नाम मत लो

एजेंसी

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक बेदी राम का नाम पेपर लीक मामले से जुड़ गया है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक युवक से बात कर रहे हैं।

पेपर लीक के लिए पैसा देने वाले विधायक के पास पहुंचे हैं। वे अपना पैसा मांग रहे हैं। इसी बात को लेकर विधायक और अभ्यर्थियों के बीच



बहस भी सुनाई दे रही।

वीडियो में बेदी राम कहते हैं- मैं बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश कई राज्यों में भर्ती कराता हूं। एक-एक परीक्षा में 40-40 लोगों की भर्ती कराता हूं। वह साथ बैठे व्यक्ति से यह भी कह रहे हैं कि मेरा नाम मत लेना।

### बार-बार टरका रहे थे विधायक, तो वायरल कर दिया वीडियो

जिस युवक ने यह वीडियो बनाया, वह मूल रूप से जौनपुर का रहने वाला है। करीब 3 महीने पहले वह बेदी राम से मिलने उनके गाजीपुर वाले घर पहुंचा। वहां उसने बेदी राम से हुई बातचीत का वीडियो बना लिया। इसके बाद भी वह लगातार विधायक से अपने पैसे मांग रहा था। मगर, विधायक कोई जवाब नहीं दे रहे थे। विधायक युवक से मिलने से भी कतरा रहे थे।

एक-दो दिन पहले भी युवक ने विधायक से मिलने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। इसी के बाद उसने वीडियो वायरल कर दिया।

# मुजफ्फरनगर में पूर्व नेशनल एथलीट से नकली करेंसी बरामद

## एटीएस सहारनपुर और एसओजी मुजफ्फरनगर ने दो को पकड़ा, 7,7500 नकली इंडियन करेंसी मिली

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर एसओजी और एटीएस सहारनपुर की टीम ने नकली भारतीय करेंसी की तस्करी करने के आरोप में राष्ट्रीय स्तर के पूर्व एथलीट सहित दो लोगों को पकड़ा है। दोनों के कब्जे से 77,500 रुपए की नकली भारतीय करेंसी समेत बाइक और मोबाइल बरामद किए। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र के चरथावल रोड पर काली नदी के पुल के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

दोनों बदमाशों की पहचान फुलेन्द्र उर्फ कोच पुत्र बाबूराम निवासी पंजाबी




नुमाईश कैंप वाली गली थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर और सद्दाम पुत्र हारून निवासी गांव नवादा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर के रूप में हुई। दोनों बदमाशों के कब्जे से 77,500 रुपए (जाली भारतीय करेंसी नोट) के अलावा दो मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड और एक बाइक और अन्य प्रपत्र बरामद किए।

एसपी सिटी ने बताया आरोपी फुलेन्द्र स्पोर्ट्स स्टेडियम में एथेलेटिक्स की कोचिंग देता था। वह 800 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग भी कर चुका है। बरामद 500 रुपए के नकली नोट हूबहू असली करेंसी से मिलते हैं।

जिन पर पहचान वाले 16 में से 14 निशान आसानी से मिल रहे हैं। नकली नोटों की एफएसएल जांच कराकर आरोपियों के मोबाइल की भी जांच की जा रही।

# आजमगढ़ में पेड़ से लटककर नाबालिग ने दी जान

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के हीरापट्टी में नाबालिग किशोर ने पेड़ से लटककर जान दे दी। इस मामले की जानकारी परिजनों को उस समय हुई जब आस-पास के लोगो ने पेड़ से लड़के युवक को देखा तो आस-पास के लोगों ने मामले की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन आस-पास के लोगों की मदद से युवक को पेड़ से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 13 वर्ष बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में कोतवाली प्रभारी शशिमौलि पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक नाबालिग किशोर की मां की मौत बचपन में ही हो गई है। वहीं पिता के साथ मृतक किशोर रहता था। किशोर ने किन परिस्थितियों में पेड़ से लटककर फांसी लगाई। इसके साथ ही कई बिंदुओं पर पुलिस की टीम घटना का खुलासा करने में लगी हुई हैं।

## बदायूं में लापता व्यक्ति का कंकाल मिला

बदायूं। बदायूं में लापता अधेड़ का कंकाल झाड़ियों में मिला। अधेड़ तकरीबन 15 दिन से लापता था। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। जबकि परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। क्योंकि अधेड़ शराब पीने का आदी था और नशे में उसकी जमीन दो लोगों ने अपने नाम लिखवा ली थी। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव गुलाबगंज में रहने वाले रामकिशन (50) का शव उझानी कोतवाली इलाके के करुआ के पास झाड़ियों में मिला। शव काफी पुराना है, ऐसे में उसमें केवल हड्डियां व कुछ मांस ही शेष रह गया है। मामले की जानकारी पर आशंकित परिजन वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त रामकिशन के रूप में की। उसकी मां ने बताया कि रामकिशन 15 दिन पहले इलाके के ही भुड़िया गांव गया था। आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति समेत दो लोगों ने शराब पिलाकर उसकी जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया था। होश आने पर उसे अपनी भूल का एहसास हुआ और उसने कोर्ट में बैनामा खारिज कराने के लिए केस भी डाला था।

# बरेली में 20 साल की छात्रा से रेप, गर्भपात कराया

## पूर्वी फतेहगंज में युवक ने कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर किया था दुष्कर्म, पिता ने कहा बदनामी हो जाएगी

बरेली। बरेली के देहात क्षेत्र में 20 साल की एक छात्रा से दुष्कर्म व गर्भपात कराए जाने का मामला सामने आया है। घटना फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। छात्रा एक कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर रही है। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने नामजद आरोपी मोहित को हिरासत में ले लिया है।

वहीं छात्रा को परेशान करने में विशाल नाम का एक अन्य युवक भी फरार बताया जा रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश रही है। पीड़िता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही छात्रा के बयान दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय छात्र एक कॉलेज में बीए की पढ़ाई कर रही है। छात्रा के परिवार ने पुलिस को बताया कि बेटी की तबीयत खराब हुई तो उससे पूछा। लेकिन वह कुछ बता नहीं सकी। बाद में मां ने पूछा तो वह डरकर सहमी हुई थी, और उसने बताया कि तीन-चार माह पहले गांव के रहने वाले एक युवक ने उसे कोल्डिंग पर नशीला पदार्थ दिया था। और उसके बाद दुष्कर्म किया।

होश में आने के बाद छात्रा को धमकी दी कि यदि परिवार से बताया या पुलिस से शिकायत की तो हम बदनाम कर देंगे। जिसमें मोहित और विशाल नाम के 2 युवक पीड़िता को लगातार परेशान कर रहे थे। पुलिस की जांच में अभी तक आया है कि आरोपी ने फरीदपुर के एक अस्पताल में डॉक्टर से मिली भगत कर छात्रा का गर्भपात कराया।

# कुकरैल नदी के लिए 22 तालाबों का जीरणोंद्वार

## 28 किलोमीटर के दायरे में तालाबों को भरा जाएगा शारदा नहर से आएगा पानी

ब्यूरो महेश सिंह विशाल इंडिया

लखनऊ, कुकरैल नदी के लिए 22 तालाबों का जीरणोंद्वार होगा नदी की लंबाई 28 किलोमीटर है इस बीच करीब 22 तालाब नदी के आसपास हैं इसमें से पांच तालाब नदी के रास्ते में पड़ते हैं सभी को फिर से तैयार किया जाएगा लखनऊ की कमिश्नर रोशन जैकब ने निर्देश जारी किया है नदी के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाएगा इस दौरान कुकरेल नदी को उसके उद्धम स्थल अस्ति से गोमती नदी तक प्रदूषण मुक्त करके पुनर्जीवित करने का काम होगा लखनऊ विकास प्राधिकरण को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं लेकमैन आनंद ने हरदोई मॉडल पर कुकरेल नदी को पुनर्जीवित्व प्रदूषण मुक्त किए जाने का सुझाव दिया है उन्होंने कहा इस कार्य में लगे अफसर एक बार भ्रमण अवश्य करें हरदोई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है अस्ति गांव मे अन्य जो छोटे बड़े तालाब व कुएं हैं उनकी सफाई का काम भी प्राथमिकता के आधार पर होगा लेकमैन आनंद ने सुझाव दिया डीपीआर मैं सौतल झील के क्षेत्र का अंकन किया जाए इससे



जीर्णोधार करने में आसानी होगी रिमोट सेंसिंग के वैज्ञानिक को निर्देश दिया गया की सौतल झील का कर संबंधित विभाग मुख्य विकास अधिकारी को रिपोर्ट दी जाए नदी के रास्ती में अस्ति गांव जाने वाली सड़क पर कन्वर्ट बनाने का कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि कुकरेल नदी में रिटेनिंग वॉल बनाई जाए जिससे कि पानी को रोका जा सके इससे नदी में हमेशा अपनी बना रहेगा सिंचाई विभाग को कुकरेल नदी के संबंध में तत्काल वर्क आर्डर जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं सभी विभागों मैं सामंजस्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है

### कुकरेल में शारदा नहर से आएगा पानी

पानी की कमी को दूर करने के लिए शारदा नहर से इसमें पानी लाया जाएगा सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि कुकरेल नदी के पुराने रूट से सर्वे किया जाए ऐसी रूपरेखा अपनी जाए जिससे कि पेड़ पौधों को काटे बिना नदी को पुनर्जीवित किया जा सके सिंचाई विभाग को शारदा नहर से ऐसी पद्धति बनाने को कहा गया है जिससे कुकरेल नदी में हमेशा अपनी बना रहे नदी में सिल्ट काम आने पर सिर्फ अच्छी गुणवत्ता का पानी आए सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि जब उनकी डीपीआर बनाकर तैयार हो जाए उसके बाद ही वन विभाग की डीपीआर की स्टडी की जाए स्कॉर्पियो क्लब वह आसपास स्थित अतिक्रमण को नगर निगम लखनऊ विकास प्राधिकरण सिंचाई विभाग जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से हटाया जाएगा कुर्सी रोड पर मिश्रपुर के पास ज्ञान डेरी वह बरखुरदरपुर सहित आदि स्थानों के पास काफी संख्या में अवैध डेरिया स्थित है यहां भी कार्रवाई की जाएगी,

### हिन्दू महासभा ने किया जय हिन्दू राष्ट्र बोलने पर बरेली सांसद का समर्थन

लखनऊ। संसद में शपथ लेने के बाद जय हिन्दू राष्ट्र बोलने वाले बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का अखिल भारत हिन्दू महासभा ने समर्थन किया है। महासभा के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि सांसद का यह उद्बबोधन देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की हिन्दू महासभा की परिकल्पना को प्रदर्शित करती है। वह दिन दूर नहीं जब भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए संसद में प्रखर रूप से आवाज उठायी जायेगी। त्रिवेदी ने कहा कि संसद में जय हिन्दू राष्ट्र बोलने वाले बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार से सबक लेकर संसद में बैठे सभी दलों के हिन्दू सांसदों को अपने दिलों में झांककर देखना चाहिए कि जय हिन्दू राष्ट्र बोलना गलत था या सही। उन्होने कहा कि धार्मिक आधार पर पाकिस्तान बनने के बाद से ही भारत की संसद में जय हिन्दू राष्ट्र की गूंज होनी चाहिए थी। कांग्रेस की नीतियों का ही दुष्परिणाम है कि मुस्लिम समुदायों ने धार्मिक आधार पर पाकिस्तान के रूप में भारत का बंटवारा करवाया और आज मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक के लालच में विपक्षी दलों के लोग संसद में बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा जय हिन्दू राष्ट्र बोलने पर संविधान विरोधी बता रहे है।

### ब्लॉक परिसर में कर रहे अधिकारी संचारी रोग के रोकथाम की समीक्षा गांवो में बजबजा रही नालियां



सीतापुर। जिले के विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली के टोला रानीगंज में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है जल निकास की समुचित व्यवस्था न होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे कमलापुर कस्बे में स्टेशन जाने वाले मार्ग पर पूरे साल जल जमाव लगा रहता है। स्थानीय निवासी मधु कृष्ण पाण्डेय के अनुसार फोन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया।रामकृष्ण मिश्र जय शकर शुक्ल श्यामू शुक्ल आदि ने कहा कि जल निकासी के लिए जिम्मेदारों से कई बार कहने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।यही हाल पतारा कलां गांव में जाने वाले रास्ते का भी है। जहां सड़क पर ही नाली का पानी गिरता है। जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। ब्लाक मुख्यालय स्थित कमलापुर बाजार में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़क किनारे ही कचरे का ढेर लगा हुआ है। नालियां बजबजा रहीं हैं। यही हाल खानपुर पास भी है यहां भी कूड़े का ढेर लगा हुआ है। बाजार के अमित जायसवाल मोनू श्रीकृष्ण आदि ने कहा कि कूड़ा निस्तारण का प्रबंध न होने से सड़क किनारे ही कूड़े का ढेर लगा रहता है जिससे रोग फैलने की आंशका है। यही हाल उनके गांव,बैकुंठपुर बैहडा भीमपुर ललवा,थाना पट्टी,ग्राम पंचायत का भी है। सफाई कर्मियों की लापर वाही के चलते इन गांवों में गंदगी का आलम यह है,कि नालियां बजबजा रहीं हैं, और संक्रमण की बीमारी किसी भी समय अपनी चपेट में नागरिकों को ले सकती है। लेकिन जिम्मेदार लोग अभी अपने कानों में तेल डालकर बैठे हुए संचारी रोग के फैलने का इंतजार कर रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### 90 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

ललितपुर। बानपुर पुलिस द्वारा एक आरोपी को 90 क्वार्टर देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रंम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त सेवाराम पुत्र लखन अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी कल्यानपुरा थाना कोतवाली को गाईया घाट तिराहे से बार रोड की तरफ थाना बानपुर जनपद ललितपुर से हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 2 अदद पेटी शराब की जिसमें एक पेटी के अन्दर 45 क्वाटर व दूसरी पेटी शराब की जिसमें 45 क्वार्टर देशी शराब उपरोक्त दोनो पेटियों में कुल 90 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त सेवाराम उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 0149/2024 धारा 60(1) श्वङ्क ष्टञ्ज पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम ?सियाराम वर्मा थानाध्यक्ष थाना बानपुर उ.नि. रमेशचन्द्र का0 रवीन्द्र कुमार का0 प्रशान्त कुमार .कां0 मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

### चोरी के माल सहित वांछित गिरफ्तार

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी आभूषण बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित / वारिटी अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रंम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0-514/2024 धारा 380 भादवि में वाछिंत अभियुक्त भगवान दास पुत्र हरीराम लोधी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम देवरी थाना कोतवाली को देवरी तिराहा राजघाट जखौरा रोड चौकी क्षेत्र राजघाट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी गया माल सोने का लाकेट व 14 दाने सोने के लाकेट सहित परत चढी व 35 ग्राम चाँदी करधनी बरामद होने पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 457/411 भादवि की बढौत्तरी करते हुये आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 ओमबाबू तिवारी चौकी प्रभारी राजघाट का0 रितिक सचान का0 मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

### अवैध शराब बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश, एक महिला गिरफ्तार ,भारी मात्रा में उपकरण बरामद

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एंव अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एंव क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली ललितपुर व आवकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम घटवार मे दबिश देकर एक अभियुक्ता मुस्कान पत्नि बोना कबूतरा निवासी घटवार कबूतरा डेरा थाना कोतवाली उम्र 21 वर्ष को हिरासत में लिया गया जिसके कव्जे से 40 ली0 अपमिश्रित शराव नाजायज मय शराव बनाने के उपकरण मय 2 किलोग्राम यूरिया खाद बरामद हुई तथा मौके पर 800 लीटर लहन नष्ट किया गया। अभियुक्ता उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 525/24 धारा 60(2) EX ACT व 272 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्ता को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी उ0नि0 प्रशान्त राणा चौकी मसौरा बैरियर हे0का0 अजीत सिहं म0का0 शारीन बानो प्रधान आरक्षक आरिफ सिंह आदि शामिल रहे।

### डीआईजी ने रेंज के तीनों जनपदों को तीन नए कानून की तैयारियां समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश



ललितपुर। झांसी, नए कानून में पुलिस की कार्यप्रणाली व पारदर्शिता में की गयी है वृद्धि पुलिस उपमहानिरीक्षक, झॉसी परिक्षेत्र, झॉसी कलानिधि नैथानी द्वारा रेंज के जनपद झॉसी, जालौन एवं ललितपुर को तीन नए कानून के लिए शीघ्र कमर कसने के लिए निर्देशित किया गया है साथ ही नए कानून से सम्बन्धित समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया है। नए कानून में *प्रौद्योगिकी का समावेश बढ़ाया गया है। जिसके लिए पूर्व से ही प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसमें *ई-रिकार्ड, जीरो-एफआईआर, ई-एफआईआर, समन, नोटिस, दस्तावेज प्रस्तुत करना और ट्रायल आदि शामिल है। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों के सम्बन्ध में भी कानून में बदलाव आए हैं। जिसको बड़ी संवेदनशीलता के साथ तत्परता से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिये जाने के निर्देश दिये गये है। नए आपराधिक कानून में कुछ अपराध भी जोड़े गए है जिनकी जानकारी हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा *नए कानून की धाराओं में किये गए परिवर्तनों, धाराओं की संख्या, बढाई गयी धाराओं, सजा, जुर्माना आदि की विस्तृत जानकारी सहित सम्पूर्ण नए कानून के सम्बन्ध में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण जानकारी होनी चाहिए।

### ताजिया कमेटी की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

ललितपुर। हजरत बाबा सदन शाह के ग्राउंड में मोहर्रम ताजिया को लेकर मोहर्रम कमेटी के सदर रमजान दादा की अध्यक्षता में ताजियादारों की बैठक हुई। इस संबंध में अगली बैठक तीस जून को सुबह 10 बजे हजरत बाबा सदन शाह के ग्राउंड में होगी। अगली बैठक में शामिल होने के लिए ताजियादारों व बुरांक वालों से अपील की गई है। कि वह बैठक में शामिल होकर अपना सुझाव भी दें। इस मौके पर संरक्षक हाजी बाबू बदरुद्दीन कुरैशी, सदर रमजान अली दादा सादिक अली, अब्दुल शाकिर सकेंट्री मोहम्मद कलीम, हमीद मंसूरी, जाहिद खां मंसूरी, अज्जूबाबा मंत्री, मुहम्मद इमरान मंसूरी, नायब सदर रज्जब अली खादिम बाबा सदन शाह जावेद अली, हामीद मंसूरी, अब्दुल साकिर, सादिक अली, अबरार खान आदि मौजूद रहे।

### हौसला बुलंद चोरों ने दो घरों में किया हाथ साफ, जांच में जुटी पुलिस

सीतापुर। जिले की महोली कोतवाली क्षेत्र में मन बढ़ हौसला बुलंद चोरों ने बीती रात एक गांव में दो घरों में हाथ साफ कर दिया चोरों की इस आतंक के बाद गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार जिले की महोली कोतवाली क्षेत्र के गाँव मूड़ासानी में अज्ञात चोरों ने मंगलवारच की रात को दो घरों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने एक घर से जेवरात सहित दो हजार पांच सौ रूपये उठा ले गए तो दूसरे घर में जेवराज सहित पांच सौ रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया।पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते हैं कि महोली कोतवाली क्षेत्र के मूड़ासानी निवासी मदारीलाल का परिवार छत पर सो रहा था चोर छत के रास्ते जीने से नीचे उतर आए व कमरे में रक्खे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रक्खे जेवरात,झुमकी ,मंगलसूत्र,बाली हथफूल,पायल दो जोड़ी मांग बेदी जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपये थी व दो हजार रुपये उठा ले गये मदारी लाल जब सुबह सोकर उठे तब उन्हें चोरी का पता चला।

### सेवायोजन कार्यालय पर होगा 29 जून 2024 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

सीतापुर। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर के प्रांगण में 29जून 2024 को प्रात: दस बजे एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां जो कि अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु रोजगार संगम पर आमंत्रित किया गया है जिसमें हाईस्कूल इंटर स्नातक व आई0टी0 आई0 उर्त्तीण अभ्यर्थी जिनकी आयु अठारह वर्ष से पैंतिस वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 10000/- से 15000/- (दस हजार से पन्द्रह हजार पांच सौ) तक के पदों पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं एक फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। रोजगार मेले की विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी की पंजीकृत आई0डी रोजगार संगम पर उपलब्ध रहेगी तथा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये ROJGAAR SANGAM.UP.GOV.IN पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## भीषण गर्मी के चलते अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का स्टैच्यू पिघला



वाशिंगटन। वाशिंगटन डीसी में अत्यधिक गर्मी से गंभीर पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का मोम का स्टैच्यू पिघल गया है। 6 फीट लंबी मोम की प्रतिमा का ऊपरी सिरा पिघलकर नीचे धंस गया है। गर्दन का हिस्सा पूरी तरह नीचे की तरफ झुक गया है। खुले आसमान के नीचे बनी इस प्रतिमा के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि सप्ताह के आखिर में वाशिंगटन डीसी में तापमान तीन अंक (फारेनहाइट) तक बढ़ गया। भीषण गर्मी के कारण स्टैच्यू का सिर अलग हो गया और उसके बाद पैर अलग हो गए, केवल धड़ ही बचा। वहीं जिस मोम की कुर्सी पर लिंकन का स्टैच्यू बनाया गया था वह भी धंस गई. लिंकन मेमोरियल स्टैच्यू के क्षतिग्रस्त सिर की फिलहाल मरम्मत चल रही है। स्टैच्यू की गर्दन का तार निकला हुआ है जिसे ठीक किया जा रहा है। वर्जीनिया स्थित कलाकार सैंडी विलियम्स द्वारा इस मोम की वैक्स स्टेच्यू को बनाया था। गैर-लाभकारी कल्चर डीसी द्वारा निर्मित यह स्मारक गैरीसन एलीमेंट्री स्कूल के मैदान में स्थित है, जो कभी कैंप बार्कर का स्थल था। यहां एक नागरिक युद्ध-युग का शरणार्थी शिविर था। वर्जीनिया स्थित कलाकार सैंडी विलियम्स ने द्वारा इस मोम की वैक्स स्टेच्यू को बनाया था। यह सिर्फ एक स्टेच्यू ही नहीं बल्कि एक कार्यात्मक मोमबत्ती भी है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब कलाकृति को पिघलने की समस्या का सामना करना पड़ा है।बता दें कि इन दिनों भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में भीषण गर्मी पड़ रही है। जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। गर्मी का आलम ये है लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। अमेरिका में भी गर्मी का प्रकोप जारी है। जिसका असर वहां के नागरिकों के साथ ही मूर्तियों पर भी पड़ रहा है। अमेरिका में चिलचिलाती गर्मी की वजह से देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की मोम की स्टैच्यू को भी नुकसान पहुंचा है।

## ऑस्ट्रेलिया पहुंचे विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे, पत्नी को लगाया गले

वाशिंगटन। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे और अमेरिकी जासूसी कानूनों का उल्लंघन करने का दोषी मानने के बाद अपनी पत्नी स्टेला से फिर मिले। इस दलील समझौते ने उनकी 14 साल की कानूनी लड़ाई का अंत कर दिया और अंततः उन्हें आज़ाद कर दिया। जूलियन असांजे कैनबरा हवाई अड्डे पर एक निजी जेट से उतरे, इंतजार कर रहे मीडिया का हाथ हिलाकर स्वागत किया और फिर अपनी पत्नी को जमीन से उठाकर पूरी भावना के साथ चूमा। अदालत में दायर एक पत्र में अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, उनसे गैरकानूनी तरीके से वर्गीकृत राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के जासूसी अधिनियम के आरोप में दोषी ठहराए जाने की उम्मीद है। अपनी याचिका और सजा सुनाए जाने के बाद असांजे के अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने की उम्मीद है। अभियोजकों ने कहा कि महाद्वीपीय अमेरिका की यात्रा पर असांजे के विरोध और अदालत की ऑस्ट्रेलिया से निकटता के कारण सुनवाई सायपन में हो रही है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई संपादक और प्रकाशक असांजे को 2010 में तब सुर्खियां मिली जब उनके संगठन विकीलीक्स ने इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी युद्धों से संबंधित लगभग पांच लाख दस्तावेज जारी किए। अमेरिकी सरकार के अनुसार, उन्होंने सैन्य खुफिया विश्लेषक चेल्सी मैनिंग के साथ मिलकर अपनी विकीलीक्स वेबसाइट का उपयोग करके हजारों रिपोर्टों का खुलासा करने की साजिश रची, जिसने विदेशों में अमेरिकी सैन्य कदाचार को उजागर किया।

## कराची की सड़कों, नालों और कूड़ेदानों के पास मिल रहा है रहस्यमयी लाशों का ढेर, अभी तक किसी की भी पहचान नहीं, पाकिस्तान में अलर्ट जारी

कराची शहर रहस्यमयी और चिंताजनक प्रवृत्ति से जूझ रहा है, क्योंकि महानगर के विभिन्न इलाकों में मिले अज्ञात शवों की संख्या अब 22 तक पहुंच गई है, जियो न्यूज ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के गैर-लाभकारी कल्याण संगठन के स्वयंसेवकों के प्रयासों के बावजूद 22 में से किसी भी शव की पहचान नहीं हो पाई है। मंगलवार को पांच नए शव मिले, जिससे अज्ञात मौतों की बढ़ती सूची में इजाफा हुआ है। छीपा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि उसके स्वयंसेवकों को कराची के विभिन्न इलाकों में पांच और शव मिले हैं। ‰उनमें से तीन नशेड़ी लग रहे थे, हालांकि, अभी तक एक भी शव की पहचान नहीं हो पाई है।‰ जियो न्यूज के अनुसार, छीपा शहर में एंबुलेंस का नेटवर्क चलाते हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि अज्ञात शवों की संख्या 22 तक पहुंच गई है। 22 में से करीब दो दर्जन शव अभी भी लावारिस हैं, क्योंकि मृतकों के कोई रिश्तेदार उन्हें लेने नहीं आए।

### इन मौतों का कारण क्या है?

कराची में हुई मौतों का कारण बंदरगाह शहर में चल रही भीषण गर्मी को बताया जा रहा है। शहर के कई नागरिक भीषण गर्मी से प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई को हीटस्ट्रोक के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माना जा रहा है कि शहर में ड्रग्स की समस्या भी है। कराची में ईधी फाउंडेशन के एक अधिकारी अजीम खान ने द न्यूज को बताया कि कराची में मृत पाए गए लोगों में से अधिकांश लोग ड्रग्स के आदी थे, जो ड्रग्स के प्रभाव में अत्यधिक गर्मी के कारण मर गए।

एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ नागरिक पर भी ड्रग उपयोगकर्ताओं के एक समूह ने क्रूरतापूर्वक हमला किया, जब उसने अपने घर के बाहर खुलेआम ड्रग्स का सेवन करने के बारे में पूछा। यह घटना पाकिस्तान में ड्रग दुरुपयोग की बढ़ती समस्या को रेखांकित करती है, खासकर हाल के दिनों में 'आइस' या क्रिस्टल मेथामफेटामाइन के बढ़ते प्रचलन को। आइस की उपलब्धता में आसानी और अन्य दवाओं की तुलना में इसकी अपेक्षाकृत कम लागत ने युवा पाकिस्तानियों के बीच इसकी लोकप्रियता में योगदान दिया है।

## प्रेग्रेंसी में 24 किग्रा से अधिक नहीं बढ़ने देना चाहिए वजन, ताजा अध्ययन के बाद कहा वैज्ञानिकों ने

वाशिंगटन। एक स्टडी की मानें तो सामान्य या कम बॉडी मास इंडेक्स वाली प्रेग्नेंट महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान अपना वजन 24 किग्रा से अधिक नहीं बढ़ने देना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, इससे गर्भस्थ शिशु के बीमार होने का जोखिम कम होता है। प्रेग्नेंट महिलाओं का वजन कितना होना चाहिए ये निर्धारित करने के लिए वुहान यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में रिसर्चर्स ने प्रेग्नेंसी के डेढ़ करोड़ से अधिक आंकड़ों की स्टडी की। निष्कर्षों के आधार पर रिसर्चर्स ने सिफारिश की है कि हाई बीएमआई वाली महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान वजन को बरकरार रखने या कम करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि इस अवधि में वे अपना वजन कम बढ़ने दें। रिसर्च टीम का कहना है कि प्रेग्नेंसी के दौरान हल्की मोटापाग्रस्त महिलाओं को आदर्श रूप से अपना वजन 8-16 किग्रा तक ही बढ़ने देना चाहिए। जांच वुहान यूनिवर्सिटी के झोंगनान अस्पताल के प्रसूति रोग विशेषज्ञ हुइजुन चेन द्वारा की गई। रिसर्चर्स का कहना है कि प्रेग्नेंसी के दौरान अनुचित वजन बढ़ने से प्रतिकूल परिणाम सामने आ सकते हैं।इस स्टडी में 1 करोड़ 58 लाख मातृ-शिशुओं के हेल्थ डेटा का विश्लेषण किया गया। रिसर्चर्स ने पाया कि जिन महिलाओं का वजन प्रेग्नेंसी की शुरुआत में कम या सामान्य था, उनके लिए वजन बढ़ने का आदर्श स्तर 12 से 24 किलो था। अधिक वजन वाली महिलाओं के लिए 10 से 24 किलो था। वहीं, मध्यम मोटापाग्रस्त महिलाओं को आठ से 16 किलोग्राम तक ही वजन बढ़ने देने का सुझाव दिया। बता दें कि आमतौर पर ये कहा जाता है कि प्रेग्नेंसी में महिलाओं के वजन में इजाफा होने लगता है। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि इस दौरान गर्भवती महिला की डाइट बढ़ा दी जाती है और फिजिकल वर्क भी काफी कम हो जाता है, इसलिए वजन बढ़ता है।



मिनीसोटा में आई बाढ़ के बीच ही रेपीडेम डेम में जमा हुआ कचरा।

## कालापानी, लिपुलेख नेपाल का हिस्सा...पीएम प्रचंड ने भारत के क्षेत्रों को लेकर फिर दिया विवादित बयान

काठमांडू। नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि उनकी सरकार स्पष्ट और दृढ़ है कि लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपु दर्रे सहित महाकाली नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाली क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। प्रचंड ने प्रतिनिधि सभा में विनियोग विधेयक, 2081 के तहत विदेश मंत्रालय के शीर्षकों पर चर्चा के दौरान सांसदों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने याद दिलाया कि 1816 में नेपाल और ईस्ट इंडिया कंपनी सरकार के बीच हस्ताक्षरित सुगौली संधि के अनुसार, ये क्षेत्र नेपाल के हैं और इन क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक राजनीतिक मानचित्र भी प्रकाशित किया गया है। प्रचंड ने कहा कि अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान, उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी से सीमा सहित सभी लंबित मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने का अनुरोध किया था और प्रधान मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी और मामले पर आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की थी।

### भारत-नेपाल सीमा विवाद

यह याद रखने योग्य है कि नेपाल की सरकार ने मई 2020 में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान अपने क्षेत्र में लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों को शामिल करते हुए अपने नए राजनीतिक मानचित्र का अनावरण किया था। बाद में संसद ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। नेपाल द्वारा मानचित्र जारी करने के बाद, भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'एकतरफा कृत्य' बताया और काठमांडू को चेतावनी दी कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा 'कृत्रिम विस्तार' उसे स्वीकार्य नहीं होगा। भारत का कहना है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके हैं।

## संयुक्त राष्ट्र मंच पर पाकिस्तान ने उठाया कश्मीर मुद्दा

### – भारत ने बताया निराधार व कपटपूर्ण बयानबाजी

**संयुक्त राष्ट्र(एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मंच पर कश्मीर मुद्दे को शामिल करने के पाकिस्तान के प्रयास की निंदा की है। भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि उसने ऐसा करके मंच का दुरुपयोग निराधार और कपटपूर्ण बयानबाजी करने के लिए किया है, जो आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र मंच का कीमती समय बचाने के लिए इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा।




माथुर ने मंच पर पाकिस्तान का नाम भी नहीं लिया। इसलिए पाकिस्तान को जवाब देने का अधिकार नहीं मिला। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक बैठक में पाकिस्तान के अलावा केवल एक ही देश ने कश्मीर का उल्लेख किया था। 191 देशों ने इसे अनदेखा कर दिया था। यहां तक कि तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने भी इस पर एक हल्की टिप्पणी की थी। उन्होंने इतना कहा था कि भारत और पाकिस्तान द्वारा बातचीत के जरिए से विवाद को हल करने से दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी माना था कि इस्लामाबाद संयुक्त राष्ट्र में अपने मुद्दे के लिए समर्थन नहीं जुटा पा रहा है। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच हुए 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं, जिस पर जुल्फिकार अली भुट्टो, जो उस समय पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे, और भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है।

## क्या परमाणु हमले की तैयारी कर रहा रूस? पुतिन करेंगे परमाणु सिद्धांत में बदलाव

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस अपने परमाणु हथियारों को इस्तेमाल करने वाली नीति में बदलाव करने जा रहा है. ऐसा करने के बाद रूस कम समय में परमाणु हमला करने का निर्णय ले सकेगा। रॉयटर्स ने स्टीवर्ट के हवाले से कहा कि यह उनकी संज्ञानात्मक क्षमता का एक अविश्वसनीय परीक्षण है। यह हमारे लिए यह देखने का मौका है कि उनमें कितनी गिरावट आई है या उन्होंने गिरावट की है या नहीं। बाइडेन वर्तमान में कैंप डेविड में हैं, अपने पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लेन के नेतृत्व में अपने सहयोगियों के साथ बहस की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्लैन ने मार्च में बिडेन के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की तैयारी में भी सहायता की।

संसद की रक्षा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि अगर मॉस्को को लगता है कि खतरे बढ़ रहे हैं, तो रूस, दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्ति, परमाणु हथियारों के उपयोग के लिए आधिकारिक नीति में निर्धारित निर्णय लेने के समय को कम कर सकता है। यूक्रेन में युद्ध ने 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस और पश्चिम के बीच सबसे बड़े टकराव को जन्म दिया है, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले महीने कहा था कि रूस उन शर्तों को निर्धारित करते हुए अपने आधिकारिक परमाणु सिद्धांत को बदल सकता है जिनके तहत ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया जा सकता है। रूसी संसद के निचले सदन की रक्षा समिति के प्रमुख आंद्रेई कार्तपोलोव को राज्य समाचार एजेंसी आरआईए ने यह कहते हुए उद्धृत किया कि अगर खतरे बढ़ते हैं तो ऐसे हथियारों के इस्तेमाल के लिए निर्णय लेने का समय बदला जा सकता है। आरआईए ने कार्तपोलोव के हवाले से कहा, 'अगर हम देखते हैं कि चुनौतियां और खतरे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब है कि हम परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के समय और इसे इस्तेमाल करने के निर्णय के संबंध में (सिद्धांत) में कुछ सुधार कर सकते हैं।

## केन्या में हुई हिंसा में अब तक 23 लोगों की मौत, प्रदर्शन का क्या है ओबामा कनेक्शन?

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** केन्या में हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद में तोड़फोड़ मचा दी है। हिंसा में अब तक 23 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। केन्या की विधानसभा में घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने गोलियां चला दीं, जिसमें कम से कम पांच प्रदर्शनकारी मारे गए, दर्जनों घायल हो गए और संसद भवन के कुछ हिस्सों में आग लगा दी गई। केन्याई कार्यकर्ता औमा ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की सौतेली बहन, नैरोबी में संसद भवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों में से एक थीं।



### भारत ने जारी की एडवाइजरी

भारत ने केन्या में कर वृद्धि के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद अपने नागरिकों को 'अत्यधिक सावधानी' बरतने की सलाह दी। केन्या में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक सलाह जारी करते हुए कहा कि मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए, केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, गैर-जरूरी आवाजाही को प्रतिबंधित करने और स्थिति साफ होने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से बचने की सलाह दी जाती है।

### केन्या में क्यों बिगड़े हालात

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति रूटों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने 2022 में राष्ट्रपति बनने के बाद जनता के साथ धोखा किया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रूटों ने गरीबों की मदद करने का वादा किया था। उन्होंने टैक्स न बढ़ाने और लोन की लागत को कम करने के लिए सरकार के नए विधेयक को खारिज करने की बात कही थी। प्रदर्शनकारियों ने वित्त वधेयक को वापस लेने की मांग की और रूटो के प्रशासन को चेतावनी दी है कि वह सत्ता से उसे बाहर कर देंगे। फिलहाल हालत गंभीर और तनावपूर्ण है। कई जगह सड़कों पर भी आगजनी देखने को मिल रही है।

## जो अमेरिका जैसा देश नहीं कर सका वो चीन ने कर दिखाया

### – चांद के सुदूर हिस्से की मिट्टी धरती पर लाया, अब खुलेंगे कई राज

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन जो अक्सर दुनिया में सबसे आगे रहने की होड़ में लगा रहता है खासकर वह अमेरिका से आगे रहना चाहता है। इस बार उसने एक कारनामा कर दिखाया है जिसे अमेरिका क्या दुनिया का कोई देश नहीं कर सका। चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से की मिट्टी का सैंपल लेकर धरती पर लौटा आया है। चांग ई-6 मंगलवार को इनर मंगोलिया के रेगिस्तान में उतरा। वैज्ञानिक चांग ई-6 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि ये सैंपल हमारे ग्रह के निर्माण से जुड़े रहस्यों का खुलासा करेंगे। बता दें चंद्रमा का सुदूर हिस्सा वह होता है, जो पृथ्वी से दिखाई नहीं देता। चीन दुनिया का एकमात्र देश है जो यहां पर उतरा और सबसे पहले 2019 में इसके अंतरिक्ष यान ने लैंडिंग की थी।

पृथ्वी से न दिखने, दूरी और विशाल गड्ढों वाला चांद का यह कठिन इलाका होने के कारण यहां पर जाना चुनौतीपूर्ण है। यह चांद का वह क्षेत्र है, जिसके बारे में बेहद कम खोज हुई है। वैज्ञानिकों की इसमें रुचि भी है। चीन कई सालों से लगातार चंद्रमा से जुड़े मिशन को आगे बढ़ा रहा है। चांग ई-6 चीन के लिए गर्व की बात है। चीन के चंद्रमा मिशन ने नासा का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगोलिया के रेगिस्तान में चांग ई-6 कैप्सूल के उतरने के बाद अधिकारियों ने चीनी झंडा फहराया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस कामयाबी के लिए चांग ई-6 मिशन की टीम को बधाई दी है। जिनपिंग ने उम्मीद जताई है कि वे गहरे अंतरिक्ष की खोज जारी रखेगा और ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाने में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस खोज से मानवता को लाभ मिलेगा और देश आगे बढ़ेगा। चांग ई-6 मई की शुरुआत में चांद पर गया था। कुछ सप्ताह बाद वह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के करीब एक क्रेटर में सफलतापूर्वक उतरा। ये मिशन 53 दिनों तक चला।



रिपोर्ट के मुताबिक कैप्सूल को बीजिंग भेजा जाएगा और नमूने वहां निकाले जाएंगे। चांग ई-6 चीन का छठा मिशन है। सुदूर क्षेत्र में उतरने का यह उसका दूसरा मिशन है। चीन के अंतरिक्ष यान ने एक रोबोटिक की मदद से चांद की मिट्टी और चट्टानों को भरा। सतह की कुछ तस्वीरें भी ली और एक चीनी झंडा भी लगाया। रिपोर्ट के मुताबिक स्कॉटलैंड की खगोलशास्त्री कैथरीन हेमैन्स ने उम्मीद जताई की सैंपल यह जानने में मदद करेगा कि आखिर 4.5 अरब साल पहले चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ और क्या इसका कारण पृथ्वी के साथ टक्कर थी? इसके अलावा पिछले हिस्से में कई महत्वपूर्ण खनिज हो सकते हैं।

## सऊदी अरब में आया परिवर्तनकारी बदलाव, युवा कर रहे डेटिंग, महिलाओं को मिली आजादी

### –बदलाव के पीछे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अच्छी सोच

**रियाद (एजेंसी)।** दशकों बाद अब सऊदी अरब में परिवर्तनकारी बदलाव आ रहे हैं। सऊदी अब अपनी युवा पीढ़ी को उन बंधनों से आजाद कर रहा है, जो पिछली कई पीढ़ियों को अपने सपने पूरा करने से रोकते थे। सऊदी के युवा अब अपनी पसंद के करियर को आगे बढ़ा सकते हैं और मनोरंजन स्थलों पर घूम रहे है, जहां पुरुषों और महिलाओं को आपस में मिलने-जुलने की इजाजत है। ये ऐसी सामाजिक स्वतंत्रताएं हैं, जिन्हें लंबे समय तक सऊदी के समाज में अच्छा नहीं माना जाता था।

सऊदी महिलाओं को खासतौर से बीते सालों में कई अधिकार मिले हैं जिसमें ड्राइविंग, शैक्षिक और यात्रा विकल्पों में आजादी है। आर्थिक, कानूनी और सामाजिक परिवर्तनों ने महिलाओं के अधिकारों को व्यापक सुधार एजेंडे के तहत बदला गया है। इन बदलावों के पीछे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अच्छी सोच है। मोहम्मद बिन सलमान को 2015 में उनके पिता किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज के सिंहासन पर बैठने के दो साल बाद क्राउन प्रिंस बनाया था। इसके बाद उनके हाथ में ही सऊदी की सत्ता आ गई।



एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी 36 फीसदी तक पहुंच गई, जो 2016 के आंकड़े से दो गुना ज्यादा है। ऐसा कानूनों में ढील के कारण हुआ है। अब सऊदी में 21 साल से ज्यादा की महिलाओं को घर से बाहर जाने, विवाह का पंजीकरण कराने या पासपोर्ट के लिए किसी पुरुष या रिश्तेदार की इजाजत की जरुरत नहीं है। आए बदलाव को कार्यस्थल, पारिवारिक जीवन और डेटिंग और विवाह जैसे जगहों पर देखा जा सकता है।

सऊदी में यह ऐतिहासिक परिवर्तन मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 कार्यक्रम से प्रेरित है, जो कि 2016 में शुरू किया गया एक ट्रिलियन डॉलर का मास्टर प्लान है। इसका उद्देश्य तेल पर निर्भरता को कम करना और अर्थव्यवस्था को एक क्षेत्रीय व्यापार और निवेश के रूप में विविधता प्रदान करना है। एक रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कुछ ही सालों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में सऊदी अरब की उपलब्धियों का जिक्र किया है। वाशिंगटन में सऊदी अमेरिकी जनसंपर्क मामलों की समिति के संस्थापक और अध्यक्ष सलमान अल अंसारी कहते हैं कि पारंपरिक धार्मिक पाठ्यक्रम को बहुत महत्व देने वाले कुछ लोग इन बदलावों को लेकर चिंतित हैं लेकिन युवा पीढ़ी को वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करने के लिए इन परिवर्तनों की जरुरत है। सऊदी महिलाओं की महत्वाकांक्षाओं की बढ़ती स्वीकृति और प्रोत्साहन का अर्थ है कि परिवार अब अपनी बेटियों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, जो एक अधिक प्रगतिशील सामाजिक मानसिकता को दर्शाता है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप महिलाओं के लिए एक व्यापक समर्थन नेटवर्क का निर्माण हुआ है, जो जीवन के सार्वजनिक और पेशेवर क्षेत्रों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।

जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में विविधता आ रही है और समाज खुल रहा है। युवा सउदी उभरते सांस्कृतिक, विरासत और पर्यटन क्षेत्रों में सरकार के लिए काम करने के लिए राजधानी रियाद की ओर रुख कर रहे हैं। गल्फ स्टेट्स इंस्टीट्यूट के दीवान कहते हैं कि नए मंत्रालयों और एजेंसियों में युवाओं की भागीदारी चौंकाने वाली है। सऊदी महिलाएं घर से दूर जाने, अपने परिवार की निगरानी के बिना स्वतंत्र रूप से रहने और काम करने के अवसर को भुना रही हैं। युवा अब डेटिंग ऐप जैसी सुविधाओ का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इसने कहीं ना कहीं धार्मिक कट्टरपंथियों को भी कर कर दिया है।

अंसारी ने कहा कि सुधारों ने सऊदी लोगों के दैनिक जीवन में अहम बदलाव किया है। सऊदी अरब के परिवर्तन के कुछ तत्व हैं जो अन्य मुस्लिम बहुल देशों मलेशिया और इंडोनेशिया के साथ समानताएं दर्शा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उदार इस्लाम, आधुनिकीकरण और आर्थिक विविधीकरण पर सऊदी का जोर मलेशिया के विकास मॉडल के कुछ पहलुओं को प्रतिध्वनित करता है।

# टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**गुयाना (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को भारतीय टीम का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। दोनो ही टीमों का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही फाइनल में जगह बनाना होगा। भारतीय टीम ने इस बार जिस प्रकार धमाकेदार अंदाज में यहां तक का सफर तय किया है। उससे इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सुपर आठ में भारतीय टीम ने जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलिया को हराया उससे भी टीम का मनोबल बढ़ा है। भारतीय टीम के पास कप्तान रोहित शर्मा , विराट कोहली सहित कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की पारी खेलकर दिखा दिया है कि वह पूरी तरह से लय में हैं। इसके अलावा टीम के पास जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसा स्पिनर है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी अच्छे फार्म में आ गये हैं। टीम का मध्यक्रम भी मजबूत है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम मुश्किल से यहां तक पहुंची है। पिछ्ली बार उसने टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में भारतीय टीम को दस विकेट से हराया था और ऐसे में भारतीय टीम इस बार हिसाब बराबर करने उतरेगी। इस मैदान पर स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही दबाव बनाया है। ऐसे में भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी इस मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते हैं। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। जिसके लिए भारत के पास जसप्रीत बुमराह वहीं इंग्लैंड के पास जोफ्रा आर्चर जैसा गेंदबाज है।

आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। इससे क्यूरेटर को इस महत्वपूर्ण मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया। भारत ने सुपर आठ चरण में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल के अत्यधिक दबाव में सहज गलतियां हो जाती हैं। शीर्ष क्रम में भारतीय टीम अब तक असफल रहे विराट से रन की उम्मीद। रोहित और कोहली दोनों के लिए यह शायद भारत की जर्सी में टी20 विश्व खिताब जीतने का आखिरी मौका है और दोनों अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी स्पष्ट था। वहीं नये ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मध्यक्रम में उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नहीं की है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह स्पिनर आदिल के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। भारत के इस मैच में बिना किसी बदलाव के उतरने की संभावना है क्योंकि अब तक लगातार जीत रही टीम संयोजन में कोई बदलाव जोखिम भरा हो सकता है। टीम के पास हालांकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जो इंग्लैंड के फिल सॉल्ट, जोस बटलर, हैरी ब्रूक और जॉनी बेयरस्टो जैसे दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभावी साबित हो सकते हैं।



चहल को इस प्रतियोगिता में अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है और अब उन्हें अवसर मिलना संभव नहीं है क्योंकि भारत के पास पहले से ही रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी उपलब्ध है। कुलदीप और बुमराह ने अब तक बेहतरीन गेंदबाजी की है। इंग्लैंड को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए कुछ खास करना होगा। हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया है और टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने की उम्मीद होगी।

वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड का अभियान अब तक उतार-चढ़ाव भरा रहा। वे सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से हार गए पर फिर अंक तालिका और रन रेट के आधार पर यहां तक पहुंच गये हैं। कप्तान बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में अच्छे रन बनाए और भारतीय गेंदबाजी से परिचित होने के कारण वह मैच विजेता पारी खेल सकते हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी अपनी आक्रामक शैली से गेंदबाजों पर दबाव बना देते हैं। ऐसे में भारतीय टीम का उनसे सावधान रहन होगा।

जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से अधिक रन की उम्मीद टीम को रहेगी। मोईन की ऑफ स्पिन भी भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उपयोगी हो सकती है। लेग और ऑफ स्पिन दोनों करने वाले लियाम लिविंगस्टोन भी अपने कोटे के पूरे ओवर फेंक सकते हैं जैसा कि उन्होंने अमेरिका के खिलाफ किया था। आदिल के चार ओवर भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले में निर्णायक साबित हो सकते हैं। चोट से वापसी के बाद अपनी पहली बड़ी प्रतियोगिता में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अब तक सात मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह नई गेंद से रोहित और कोहली को आउट करने के इरादे से उतरेंगे। इसके अलावा पिछले मैच में हैट्रिक लेने के बाद क्रिस जोर्डन भी इस मैच में बढ़े हुए मनोबल के साथ उतरेंगे। ऐसे में इस मैच में रोमांचक खेल होना तय है।

### टीम

**भारत**-रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड**-जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड।

# हमारी खिलाड़ी लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने की आदी हैं: मजूमदार



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने टेस्ट क्रिकेट में खेलने को विशेष करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि लंबी अवधि के अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट में खेलने के कारण उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए अच्छी तरह से तैयार है। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेले थे, जिनमें उसने जीत दर्ज की थी।

मजूमदार ने कहा, 'हमें तीनों प्रारूप में खेलने में मजा आता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट हमेशा विशेष होता है। दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच खेलने के बाद बीसीसीआई ने अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट में लंबी अवधि के प्रारूप को भी शामिल किया और इसलिए हमारी सभी खिलाड़ियों को लाल गेंद की क्रिकेट खेलने की आदत है।'

दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पूर्व क्षेत्र ने इस साल अप्रैल में दक्षिण क्षेत्र को एक विकेट से हराकर यह टूर्नामेंट जीता था। मजूमदार ने कहा, 'हम इस बात से वाकिफ थे कि लंबी अवधि का प्रारूप हमारे कैलेंडर का हिस्सा बनने जा रहा है। इसलिए खिलाड़ियों को संदेश देने के लिए अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण था।'

मजूमदार ने पुरुषों की तरह महिलाओं के लिए भी टेस्ट चैंपियनशिप आयोजित करने की वकालत की। उन्होंने कहा, 'महिला टेस्ट चैंपियनशिप का विचार बुरा नहीं है लेकिन इसका फैसला बोर्ड को करना है। अगर ऐसा होता है तो यह खेल के लिए अच्छा होगा।'

# भारतीय क्रिकेट का घरेलू सत्र सितंबर में दलीप ट्रॉफी से शुरु होगा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट का घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी के साथ पांच सितंबर से शुरू होगा। उसके बाद ईरानी कप और फिर रणजी ट्रॉफी होगी। रणजी ट्रॉफी पहली बार दो भागों में खेली जाएगी। घरेलू सत्र को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों और राज्य संघों के प्रतिनिधियों की एक बैठक भी हुई है। जिसमें बोर्ड सचिव जय शाह ने घरेलू क्रिकेट के नए ढांचे को लेकर बात की। इस बार रणजी ट्रॉफी होगी दो हिस्सों में खेली जाएगा। इससे उत्तर भारत में सर्दियों में खराब मौसम से निपटने और खिलाड़ियों को मैचों के बीच आराम और थकान से उबरने के लिए अधिक समय मिल लाएगा। इसी को लेकर बीसीसीआई मुख्यालय में हुई बैठक में बोर्ड ने नए प्रारूप पर राज्य संघों से बात कर उनके विचार जाने।



इस दौरान राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा की सिफारिशों पर नए प्रारूप को लागू किया गया। बीसीसीआई का लक्ष्य एक साल बाद इसकी समीक्षा करना है। बोर्ड की ओर से जारी कहा गया, ''बैठक में 2023-24 के सबसे व्यस्त क्रिकेट सत्र के आयोजन में राज्य संघों के सराहनीय प्रयासों के लिए तारीफ की गयी जिसमें विश्व कप 2023, आईपीएल, डब्ल्यूपीएल के साथ-साथ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और एक पूर्ण घरेलू क्रिकेट सत्र शामिल रहे हैं।''

# टी20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में आज होगा दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का मुकाबला



**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट का पहला सेमीफाइनल गुरुवार सुबह यहां दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इस टूर्नामेंट में इस बार दक्षिण अफ्रीकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते हैं। दूसरी ओर अफगानिस्तान ने भी न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी है। ऐसे में उसकी दावेदारी भी कमजोर नहीं कहीं जा सकती है। सभी को हैरान करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है।

दक्षिण अफ्रीकी टीम काफी अनुभवी है और उसके पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं, पहले बल्लेबाजी कर टीम बड़े स्कोर बनाती है पर उसकी बड़ी कमजोर ये है कि वह बड़े मुकाबलों के अलावा लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बिखर जाती है। वहीं अफगानिस्तान पहली बार फाइनल में पहुंची है उसे बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं, इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को हराकर उसके हौंसले बुलंद हैं। ऐसे में ये मैच रोमांचक होना तय है। नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी और राशिद खान से दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। वहीं बल्लेबाली में रहमानुल्लह गुरबाज पर अंकुश लगाना होगा।

इस बार अब तक इस मैदान पर खेले गये मुकाबलों में बड़े स्कोर नहीं देखे गये हैं। ऐसे में सेमीफाइनल मुकाबले में भी बड़ा स्कोर बनने की संभावना नहीं है। आंकडों पर नजर डालें तो यहां

अब तक 11 मैच हुए हैं। जिसमें से चार बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जबकि सात बार

दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 135 जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 122 रहा है। वहीं इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 267 रहा है जबकि सबसे कम स्कोर युगांडा और न्यूजीलैंड के बीच 40 रन रहा है।

अब तक इस टूर्नामेंट में बारिश से कई बार बाधा आई है पर इस मैच में बरसात की संभावना नहीं है।

हालांकि बादल छाए रहने की उम्मीद है। मैच के दौरान औसत तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान**- राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लह उमरजई, गुलबदीन नइब, मोहम्मद नबी, करीम जनत, नागेयालिया खारोटे, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, नजीबुल्लह जादरान, फरीद अहमद मलिक, हजरतुल्लह जजई, मोहम्मद इशाक।

**दक्षिण अफ्रीका**- एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कागिसो रबाडा, एनरिक नोर्टजे, तबरेज शम्सी, ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, ब्योर्न फोर्टुइन, रयान रिकेल्टन।

# जमशेदपुर एफसी के कोच बने रहेंगे जमील

जमशेदपुर ।जमशेदपुर एफसी (जेएफसी) फुटबॉल क्लब ने मुख्य कोच खालिद जमील का अनुबंध दो साल और बढ़ा दिया है।जमील ने पिछले आईएसएल सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था।जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था।उनके आने के बाद टीम का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। इसके साथ ही क्लब ने वापसी करते हुए 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनके जमशेदपुर एफसी के कोच रहते हुए टीम ने आईएसएल के अपने शुरुआती पांच मैचों में से तीन मैच जीत जबकि दो ड्रॉ रहे।इससे यह टीम लीग चरण के अंतिम मैच तक प्लेऑफ की दौड़ में बनी रही थी। खालिद ने 2025-26 सत्र के आखिरी तक चलने वाले करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, ''हम आईएसएल जीतना चाहते हैं।'' 'इसके लिए टीम अगले माह से अभयास शुरु करेगी।खालिद के कोच रहते हुए साल 2017 में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था।



# राशिद टूर्नामेंट का सबसे कुशल कप्तान : असगर अफगान



नई दिल्ली - अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान ने राशिद खान को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप का सबसे कुशल कप्तान करार देते हुए कि कहा कि दुनिया भर की फेंचाइजी लीग में खेलने का उनके खिलाड़ियों को फायदा मिला।अफगानिस्तान ने मंगलवार को बांग्लादेश को हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने इस अभियान के दौरान उसने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों को भी हराया।असगर ने कहा कि मुझे लगता है कि राशिद टूर्नामेंट का सबसे कुशल कप्तान है।वह प्रेरणादायी कप्तान है।वह गेंदबाजी में मैच विजेता है जो बल्लेबाजी में भी अपनी छाप छोड़ता है।उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम है।यही वजह है कि अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब मैं 2017 में अफगानिस्तान का कप्तान था तब वह मेरे साथ उप कप्तान था और उस समय भी उसने अपना नेतृत्व कौशल दिखाया था। अफगानिस्तान गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। असगर ने कहा कि अफगानिस्तान की सफलता का एक और कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अधिक मैच खेलना और खिलाड़ियों का पूरे वर्ष विभिन्न टी20 लीग में खेलना है।

# भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।

कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, 'पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं। यह खिलाड़ियों का संगठन है और मैं उन सभी का बहुत अच्छा दोस्त हूं और मैं अक्सर उनके साथ खेलता हूं।% कपिल ने कहा कि तीन दशक से अधिक समय से गोल्फ उनका जुनून रहा है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा था जब इसमें केवल एमेच्योर खिलाड़ियों को हिस्सा लेने की स्वीकृति थी।

उन्होंने कहा, 'और अब यह खेल ही है जिसमें मैं अपना अधिकांश समय बिताता हूं। मैं उपाध्यक्ष रह चुका हूं और मैं बोर्ड में हूं, इसलिए खिलाड़ियों द्वारा अध्यक्ष चुने जाने पर मुझे बहुत गर्व है। मैं हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करता हूं।% कपिल पीजीटीआई के लिए नए प्रायोजक लाने की कोशिश में सबसे आगे रहे हैं। वह टूर में सबसे आकर्षक प्रतियोगिता में से एक कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण को डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में आयोजित कराने में सफल रहे हैं जिसकी इनामी राशि दो करोड़ रुपए है।

जीव मिल्खा सिंह, अर्जुन अटवाल, ज्योति रंधावा, शिव कपूर जैसे भारत के शीर्ष स्टार खिलाड़ी उनके करीबी गोल्फ मित्र हैं। कपिल ने 1978 से 1994 तक भारत के लिए क्रिकेट खेला। सर्वकालिक महान ऑलराउंडरों में से एक कपिल ने 131 टेस्ट और 225 एकदिवसीय मैच खेले। उनकी अगुआई में भारत ने 1983 विश्व कप जीता। 1983 विश्व कप में उनकी नाबाद 175 रन की पारी खेल के इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक मानी जाती है। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने आठ शतक की मदद से 5248 रन बनाए और 434 विकेट लिए जो उस समय एक विश्व रिकॉर्ड था। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 3783 रन भी बनाए और इस प्रारूप में 253 विकेट लिए।



# सूर्यकुमार को लगा झटका, ट्रेविस हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। ऑस्ट्रेलिया हालांकि टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे।

इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दूसरे स्थान हैं। जोश हेजलवुड तीन स्थान के फायदे से वानिंदु हसरंगा के बाद चौथे स्थान पर हैं। मार्कस स्टोइनिस ने संक्षिप्त समय तक शीर्ष पर रहने के बाद ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष स्थान श्रीलंका के हसरंगा को गंवा दिया है। स्टोइनिस चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी दूसरे और भारत के हार्दिक पंड्या तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ऑलराउंडरों की सूची में सबसे अधिक 17 स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर हैं।

# गुवाहाटी में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिपे

नई दिल्ली ।विश्व जूनियर चैंपियनशिप अगले साल 2025 में भारत में होगी।इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा।बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है।इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था। वहीं इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजनप और भी अहम है।'' उन्होंने कहा, ''बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।'' इस टूर्नामेंट की तारीखों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं बीडब्ल्यूएफ के थॉमस और उबेर कप फाइनल्स का अगला सत्र डेनमार्क के होर्सेन्स में होगा।



# पेरिस ओलंपिक में चार सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम भाग लेगी, अदिति तीसरी बार ओलंपिक खेलेंगी

नई दिल्ली ।26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले पेरिस ओलंपिक में चार सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम भाग लेगी।इसमें महिला वर्ग से अदिति अशोक और दीक्षा डागर जबकि पुरुष वर्ग से शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर शामिल रहेंगे।इसमें अदिति पहली भारतीय गोल्फर होंगी जो तीसरी बार ओलंपिक में भाग लेंगी। वहीं दीक्षा दूसरी बार खेलती दिखेंगी जबकि हीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में उतरेंगे। ओलंपिक में अब तक भारत की ओर से सबसे अच्छा प्रदर्शन अदिति के नाम है। वह टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन रैंकिंग द्वारा निर्धारित की जाती है, जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों तक सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए योग्य होते है। इसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फरों को अनुमति रहती है।इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) के आधार पर खिलाड़ियों को कोटा मिलता है। इसमें एक देश से अधिकतम दो खिलाड़ी जगह पात्र होते है बशर्ते उस देश को ओडब्ल्यूजीआर के कोटे से जगह नहीं मिली हो। अदिति 24वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी है जबकि दीक्षा 40वें पायदान पर है।

# ओलंपिक स्थान के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे भारतीय एथलीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक भाला फेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष ट्रैक और फील्ड एथलीट गुरुवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप के दौरान पेरिस ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। यह चार दिवसीय चैम्पियनशिप आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगी।

सात जुलाई को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में बहुत कम दिन बचे हैं तो चोपड़ा पंचकुला में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में हिस्सा लिया था और स्वर्ण पदक जीता था। पिछले महीने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने यह स्पष्ट कर दिया था कि पेरिस ओलंपिक के लिए चुने जाने के लिए चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा।

एएफआई के नियमों के अनुसार ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल जैसे टूर्नामेंट के लिए चुने जाने के लिए सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में भाग लेना होगा। महासंघ विशेष खिलाड़ियों या उनके कोचों के अनुरोध पर छूट दे सकता है। चोपड़ा की अनुपस्थिति में अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), किशोर जेना (पुरुषों की भाला फेंक), राम बाबू (पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल) और पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) चैम्पियनशिप में सुर्खियों में रहेंगे जिन्होंने क्वालीफाइंग मानक हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया है।

ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक), डीपी मनु (पुरुषों की भाला फेंक), तेजिंदरपाल सिंह तूर (पुरुषों की गोला फेंक), जेस्विन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल और अब्दुल्ला अबूबाकर (दोनों पुरुषों की त्रिकूद) जैसे खिलाड़ी विश्व रैंकिंग कोटा के जरिये पेरिस का टिकट कटा सकते हैं। एशियाई रिकॉर्ड धारी तूर ने मंगलवार को 'पीटीआई' को बताया कि उनके टखने में हल्का दर्द है और उनके डॉक्टर ने उन्हें तीन-चार हफ्तों तक गोला फेंकने से मना किया है। पर उनका नाम बुधवार को एएफआई की अपडेट की गई प्रवेश सूची में शामिल है।

कुछ उभरते सितारे जैसे धावक अनिमेष कुजूर, 110 मीटर बाधा दौड़ के तेजस शिरसे और लंबी कूद की खिलाड़ी शैली सिंह भी चुनौती पेश करते नजर आयेंगे। पेरिस ओलंपिक स्थान पक्का करने वाली भारतीय पुरुष और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का लगभग हर सदस्य हिस्सा लेगा। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी 20 किमी पैदल चाल खिलाड़ी अक्षदीप सिंह पेरिस खेलों का क्वालीफाइंग मार्क पार कर चुके हैं लेकिन उनका नाम प्रवेश सूची में शामिल नहीं है। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने भी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है और उनका नाम भी सूची में नहीं है।




# गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे

नई दिल्ली ।भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चैंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है। कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर वर्ल्ड रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के गोल्ड पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने पीटीआई को बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है।

# जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में देरी, कंपनी पर लग सकता है करोड़ों का जुर्माना

## बगैर नक्शा पास किए कार्गो और होटल प्रोजेक्ट पर काम शुरू, मुख्य सचिव करेंगे समीक्षा

**ग्रेटर नोएडा।**

यूपी के नोएडा में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम समय पर पूरा होता नहीं दिख रहा है। ऐसे में अब कंपनी पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की ओर से एयरपोर्ट को चालू करने में सात माह की देरी की सूचना ने साफ कर दिया गया है कि एयरपोर्ट की देरी पर 90 दिन की देरी का ग्रेस पीरियड ही मिलेगा। इस ग्रेस पीरियड को बढ़ाने पर नायल कोई विचार नहीं करेगी। इसके ऊपर जितने भी दिन लगेंगे, हर रोज 10 लाख की पेनल्टी लगेगी। इस तरह एक माह की देरी होने पर करीब तीन करोड़ की पेनल्टी लगेगी। एयरपोर्ट प्रोजेक्ट पूरा होने में सात माह की देरी है।

इसमें तीन माह ग्रेस पीरियड है। चार माह की देरी पर 12 करोड़ का जुर्माना लगेगा। यमुना अथॉरिटी से लेकर प्रदेश सरकार तक यह मामला गरमा गया है। इसके चलते नायल (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने एयरपोर्ट का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों के साथ इस मामले की समीक्षा की थी। इसमें तीन माह से ज्यादा देरी होने पर ग्रेस पीरियड का लाभ न देने के बारे में कहा गया था।

समीक्षा में ही यह भी सामने आया कि बगैर नक्शा पास किए एयरपोर्ट की साइट पर कार्गो और होटल प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया गया था। कंपनी ने जानकारी दी कि इसके लिए नायल में नक्शे का आवेदन किया जा चुका है, लेकिन मंजूर नहीं मिली है। कंपनी ने नक्शा पास होने की मंजूरी का इंतजार किए बिना ही काम चालू कर दिया था। लिहाजा ये काम बंद कराया गया। 28 जून को प्रदेश के मुख्य सचिव एयरपोर्ट की साइट पर एयरपोर्ट की वर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट की समीक्षा करने जा रहे हैं। इस दौरान एयरपोर्ट के निर्माण में देरी के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा होगी। इसमें देरी होने के और भी महत्वपूर्ण कारण सामने आ सकते हैं।

# देश के जाने माने येस बैंक ने सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

## -कर्मचारियों की संख्या कम कर लागत में कटौती करना चाहता है बैंक

**नई दिल्ली।**

भारत के टॉप 10 निजी बैंकों में से एक येस बैंक ने सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। बैंक अपने बिजनेस को रीस्ट्रक्चर कर रहा है, जिसके चलते कई कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। येस बैंक में छंटनी की वजह शेयर बाजार को बताया था और कहा कि वह डेट सिक्योरिटी के जरिये फंड जुटाने का ऐलान किया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक येस बैंक ने रीस्ट्रक्चरिंग एक्सरसाइज के साथ कम से कम 500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आने वाले समय में और भी छंटनी हो सकती है। यह छंटनी बैंक के कई विभागों में की गई है। छंटनी का सबसे ज्यादा असर ब्रांच बैंकिंग सेगमेंट में देखने को मिला। अन्य विभागों की बात की जाए तो रिटेल, होलसेल जैसे कई वर्टिकल्स में बैंक की छंटनी का असर दिखा है।

बैंक ने कहा कि वह कस्टमर्स पर फोकस रहने, ऑपरेशन को कुशल बनाने के लिए समय-समय पर रिव्यू करती रहती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को तीन माह की सैलरी दी गई है। माना जा रहा है कि येस बैंक डिजिटल बैंकिंग की ओर बढ़ रहा है और कर्मचारियों की संख्या में कटौती करके लागत में कटौती करना चाहता है। एक्सचेंजों को दी गई फाइनेंशियल ईयर के परफॉर्मेंस की जानकारी में बैंक ने बताया था कि वित्त वर्ष 2023-2024 (एफवाई24) के दौरान उसके लिए कर्मचारियों का खर्च 12 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया था। वित्त वर्ष 2023 के अंत में खर्च 3,363 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 के अंत में 3,774 करोड़ रुपए हो गया। फाइनल ईयर 2024 के दौरान येस बैंक का नेट मुनाफा 74.4 फीसदी से बढ़कर 1,251 करोड़ रुपए पहुंच गया था।

# फ्यूचर एंड ऑप्शंस से कमाई पर लग सकता है 30 फीसदी टैक्स, सरकार कर रही विचार

**नई दिल्ली।**

फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग करने वालों के लिए एक बुरी खबर आई है। अब फ्यूचर एंड ऑप्शंस से होने वाली इनकम पर टैक्स चुकाना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार एफएंडओ ऑप्शंस से हुई इनकम को लॉटरी या क्रिप्टोकरेंसी से हुई कमाई मान सकती है। लॉटरी की कमाई पर ज्यादा टैक्स लगता है। यही स्थिति क्रिप्टोकरेंसी से हुई इनकम के साथ है। सरकार ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस कारोबार में घाटे पर चिंता जताई थी। कई लोग एफएंडओ में पैसा लगा रहे हैं और उन्हें भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार अब एफएंडओ से होने वाली कमाई को व्यापारिक आय की जगह सट्टेबाजी आय की कैटेगरी में लाने पर विचार कर रही है। इसका मतलब है कि एफएंडओ से होने वाले मुनाफे पर अब लॉटरी जीतने या क्रिप्टोकरेंसी में निवेश से होने वाली कमाई जैसा ही 30 फीसदी का फ्लैट टैक्स लग सकता है। अगर यह बजट में पास हो जाता है, तो एफएंडओ में हुए घाटे को किसी और व्यापार से हुए मुनाफे से कम नहीं किया जा सकेगा। बल्कि एफएंडओ के घाटे को सिर्फ एफएंडओ के मुनाफे से ही घटाया जा सकेगा। इससे छोटे निवेशक ज्यादा परेशान हैं। उनका कहना है कि ये बदलाव उनके लिए अनुचित साबित होगा।




हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि ये कदम फायदेमंद हो सकता है क्योंकि हाल के कुछ सालों में एफ एंड ओ में छोटे निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ गई है। फ्यूचर्स और ऑप्शंस एक तरह का अनुबंध है। इसमें कम पूंजी लगाकर शेयरों, वस्तुओं या मुद्राओं में बड़ा दांव लगा सकते हैं। इससे ज्यादा मुनाफा कमाने का मौका मिलता है लेकिन जोखिम भी ज्यादा है। मुनाफा तेजी से तो बढ़ता है लेकिन घाटा भी उतना ही जल्दी हो सकता है।

# गौतम अडाणी एयरपोर्ट बिजनेस को शेयर बाजार में करेगा सूचीबद्ध

## ग्रुप दो से तीन अरब डॉलर की रकम जुटाने की बना रहा योजना

**नई दिल्ली।**



गौतम अडाणी अब अपने एयरपोर्ट बिजनेस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी में है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने लिस्टिंग के लिए प्लान और टाइमलाइन बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। सीएनबीसी-टीवी18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक आईपीओ के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज ने अपने एयरपोर्ट बिजनेस को वित्तीय वर्ष 2027-28 (फाइनल ईयर28) तक शेयर बाजार में सूची करने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा है कि गौतम अडाणी के नेतृत्व वाला ग्रुप चालू वित्त वर्ष (एफवाय25) में इक्विटी के जरिए से 2 से 3 अरब डॉलर की रकम जुटाने की योजना बना रहा है। 1994 में फ्लैगशिप कंपनी के पब्लिक होने के बाद से, अडाणी एंटरप्राइजेज ने छह अन्य स्वतंत्र व्यवसायों को स्थापित और सूचीबद्ध किया है, जिनका संयुक्त बाजार पूंजीकरण 10 अरब डॉलर से ज्यादा है। अडाणी एंटरप्राइजेज के पास देश में आठ एयरपोर्ट हैं, जिनमें से 7 चालू हैं और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साल के अंत तक पूरा होने की संभावना है।

अडाणी एंटरप्राइजेज की सालाना बैठक में चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा था कि उनका बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार से जुड़ा ग्रुप पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में है और इसका सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है। एजीएम में उन्होंने बताया कि ग्रुप की कंपनियों ने जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए आरोपों के कारण हुए सभी घाटे की भरपाई कर ली है। अडाणी ग्रुप ने एफवाय25 में अपनी विभिन्न कंपनियों में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपए निवेश करने की योजना बनाई है। ग्रुप के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर 'रॉबी' सिंह ने कहा था कि ग्रुप ने कारोबार बढ़ाने के लिए अगले साल से दस साल में 100 अरब डॉलर के निवेश अनुमान को दोगुना कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप की पोर्ट से लेकर एनर्जी, एयरपोर्ट, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियों में कुल निवेश का 70 फीसदी आंतरिक संसाधनों से किया जाएगा और शेष राशि लोन के जरिए हासिल की जाएगी।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बंद पड़े जनधन खातों को फिर करें चालू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत निष्क्रिय खातों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किया है। एक वरिष्ठ बैंकर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमें प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है जो खाते बंद हैं। यह वित्तीय समावेशन पहल का एक हिस्सा है, क्योंकि कुछ लोग इन खातों को खोलने के बाद भूल जाते हैं। वित्तीय सेवा विभाग ने हमें इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए कहा है। वित्त मंत्रालय ने सरकारी बैंकों के प्रमुखों की एक बैठक बुलाई, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना समेत कई वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने की। छह दिसंबर 2023 तक, देशभर में करीब 20 फीसदी प्रधानमंत्री जनधन योजना के अकाउंट्स बंद थे। यह जानकारी तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में दी थी। बैंकर ने कहा कि चर्चा का मेन फोकस सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और उनकी जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन की समीक्षा पर था। बैंकर ने कहा कि हमें कोर बैंकिंग और जमा राशि बढ़ाने पर भी फोकस करने की सलाह दी गई थी। हमने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के टेक्नोलॉजिकली अपग्रेडेशन और बैंकों द्वारा वित्तीय सेवा विभाग के लिए दी गई प्रतिबद्ध समयसीमा पर भी चर्चा की। सेंट्रलाइज्ड केवायसी भी लाया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंशिंग पर आरबीआई की ड्राफ्ट गाइडलाइन्स के संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई। पिछले साल सितंबर में, पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को बिना किसी गारंटी के न्यूनतम ब्याज दरों पर लोन प्रदान करना है। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी और सीईओ देवदत्त चंद, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ एमवी राव, इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव, पंजाब एंड सिंड बैंक के एम और सीईओ स्वरूप कुमार साहा, पंजाब नेशनल बैंक के एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल, यूको बैंक के एमडी और सीईओ अश्विनी कुमार और बैंक ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ रजनीश कर्नाटक के साथ अन्य बैंक अधिकारियों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## हुंडई ने कोना इलेक्ट्रिक कार को वेबसाइट से हटाया

**नई दिल्ली।**

कोना इलेक्ट्रिक कार को हुंडई मोटर्स ने अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। हुंडई ने इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कंपनी ने इसे बंद करने का फैसला किया है।कंपनी इसकी जगह पर क्रेटा ईवी को लेकर आ सकती है। कोना ईवी में दो बैटरी पैक मिलते हैं, जिसमें पहला 48.4 केडब्ल्यूएच और दूसरा 39.2केडब्ल्यूएच बैटरी पैक है। इसका बड़ा बैटरी पैक सिंगल चार्ज पर 490 किमी की डब्ल्यूएलटीपी साइकिल रेंज देता है। इसकी भारत में शुरुआती कीमत 23.84 लाख रुपये है और कंपनी इस पर ऑफर दे रही थी। हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण गर्ग ने हाल ही में एक बातचीत में पुष्टि की थी कि उच्च मात्रा में बिक्री को लक्षित करने वाला उसके ब्रांड का पहला इलेक्ट्रिक वाहन जनवरी 2025 में लॉन्च किया जाएगा। ये अपकमिंग मॉडल क्रेटा ईवी हो होने वाला है, जिसे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी कई बार परीक्षण करते हुए देखा गया है। बता दें कि भारत में कोना इलेक्ट्रिक को कभी अपडेट नहीं किया और यह ब्रांड द्वारा भारत में लाया गया पहला इलेक्ट्रिक वाहन था। हालांकि, पुराने इंटीरियर डिजाइन और ज्यादा महंगी होने के कारण इसे खास पसंद नहीं किया गया है।




## एलआईसी को क्यों जारी करनी पड़ी चेतावनी

**मुंबई।** देशभर में भारतीय जीवन बीमा निगम के करोड़ों पॉलिसीधारक हैं। इन सभी ग्राहकों के हित में एलआईसी ने जरूरी चेतावनी जारी की है। एलआईसी ने अपने पॉलिसी होल्डर्स को उनकी इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े गैर अधिकृत ट्रांजेक्शन को लेकर सतर्क किया है। दरअसल यह सूचना उन रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद जारी हुई है, जिसमें कहा गया था कि कुछ कंपनियां पॉलिसी सरेंडर करने के नाम पर एलआईसी पॉलिसी होल्डर्स से पॉलिसी हासिल करना चाहती हैं। दरअसल ऐसी खबरें सामने आई हैं, जिसमें लोगों को अच्छी रकम देने का भरोसा दिलाकर उनकी मौजूदा एलआईसी इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने का लालच दिया जा रहा है। इसके बाद लोग अपनी बीमा पॉलिसी कंपनियों को सरेंडर नहीं करके, उन्हें गलत तरीके से बेच रहे हैं। इस मामले पर एलआईसी ने अपनी स्थिति साफ की है। एलआईसी ने बयान जारी कर कहा, एलआईसी ऐसी किसी यूनिट, या संस्थाओं द्वारा पेश किए जा रहे प्रोडक्ट्स और/या सर्विसेज से संबद्ध नहीं है। हम सभी पॉलिसीधारकों से आग्रह करते हैं कि वे अपनी पॉलिसी पर कोई भी निर्णय लेने से पहले पूरी सावधानी बरतें, जिससे उनकी वित्तीय सुरक्षा और उनके परिवार के लिए जोखिम कवर खतरे में पड़ सकता है। किसी भी ऑफर का जवाब देने से पहले, कृपया हमारी शाखाओं में किसी भी एलआईसी अधिकारी से परामर्श लें।

## दूसरी तिमाही में 16 फीसदी बढ़ी ऑफिस की मांग

**नई दिल्ली।** देश में ऑफिस की मांग भी जोर पकड़ रही है। इस साल प्रमुख शहरों में दूसरी तिमाही में ऑफिस की मांग में 16 फीसदी बढ़ी है। इस साल ऑफिस की मांग 5 करोड़ वर्ग फुट के पार जा सकती है। यह तीसरा साल होगा, जब ऑफिस की मांग इस स्तर को पार करेगी। संपत्ति सलाहकार फर्म की रिपोर्ट के अनुसार साल 2024 की दूसरी तिमाही में ऑफिस मार्केट ने अच्छा प्रदर्शन कर 6 प्रमुख शहरों में 1.58 करोड़ वर्ग फुट ऑफिस की मांग दर्ज की गई। यह पिछली तिमाही यानी इस साल की पहली तिमाही से 16 फीसदी ज्यादा है। इन 6 शहरों में 4 शहरों में ऑफिस की मांग में 20 फीसदी से ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी तिमाही में सबसे अधिक मांग बेंगलुरु में 48 लाख वर्ग फुट दर्ज की गई। इसके बाद 35 लाख वर्ग फुट मांग मुंबई में देखी गई। इन दोनों शहरों की मांग कुल मांग की आधी से भी ज्यादा रही। मुंबई में ऑफिस की मांग में 119 फीसदी और बेंगलुरु में 41 फीसदी इजाफा हुआ। फर्म प्रमुख ने कहा कि देश में ऑफिस की मांग लगातार बढ़ रही है। इस साल के पहले 6 महीने में 2.94 करोड़ वर्ग फुट आफिस की मांग दर्ज हुई है, जो पिछली समान अवधि से 19 फीसदी अधिक है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी 11,000 करोड़ रुपये की बोलियों के साथ समाप्त



**नई दिल्ली।** मोबाइल रेडियो तरंग सेवाओं के लिए 96,000 करोड़ मूल्य की स्पेक्ट्रम नीलामी करीब 11,000 करोड़ रुपये की बोलियों के साथ समाप्त हुई। मोदी सरकार ने नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश की, जिसका आधार मूल्य 96,238 करोड़ रुपये है नीलामी करीब 11,000 करोड़ रुपये की बोलियों के साथ समाप्त हुई है। उन्होंने बताया कि भारती एयरटेल नीलामी में सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी है। पिछली नीलामी 2022 में हुई थी जो सात दिन तक चली थी। उसमें 5जी दूरसंचार स्पेक्ट्रम की रिकॉर्ड 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई थी, जिसमें अरबपति मुकेश अंबानी की जियो शीर्ष बोलीदाता के रूप में उभरी थी। उसने सभी रेडियो तरंगों का करीब आधा हिस्सा (88,078 करोड़ रुपये मूल्य) हासिल किया था। उस समय दूरसंचार दिग्गज सुनील मित्तल की भारती एयरटेल ने 43,084 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाई थी, जबकि वोडाफोन-आइडिया ने 18,799 करोड़ रुपये में स्पेक्ट्रम खरीदा था।

# ऊंची ब्याजदर से बाधित नहीं हो रही है आर्थिक वृद्धि

## आरबीआई गवर्नर बोले-मौद्रिक नीति का ध्यान मुद्रास्फीति को कम करने पर रहेगा

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि ऊंची ब्याज दर से आर्थिक वृद्धि को बाधित नहीं हो रही है। मौद्रिक नीति का ध्यान मुद्रास्फीति को कम करने पर रहेगा। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि देश आर्थिक वृद्धि के स्तर पर प्रमुख संरचनात्मक बदलाव की दहलीज पर है। देश उस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है जहां सालाना आधार पर 8 फीसदी वास्तविक जीडीपी वृद्धि बरकरार रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर यदि वृद्धि दर अच्छी है तो इससे यह संकेत मिलते हैं कि आपकी मौद्रिक नीति और आपकी ब्याज दरें वृद्धि के रास्ते में बाधा नहीं बन रही है।

ऊंची ब्याज दर के कारण वृद्धि प्रभावित होने पर बहस के बीच आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ऐसी सभी चिंताएं निराधार हैं और वृद्धि की गति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई की नाउकास्टिंग टीम गतिशील तत्वों के आधार पर जून तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। यह केंद्रीय बैंक के अपने अनुमान 7.3फीसदी से ज्यादा है। गवर्नर ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था आरबीआई के अनुमान 7.2 फीसदी की दर से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एक अच्छी वृद्धि दर का परिदृश्य हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्पष्ट रूप से गुंजाइश देता है।

गवर्नर दास ने आने वाले समय में मुद्रास्फीति में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शतरंज का उदाहरण दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक गलत कदम हमें राह से भटका सकता है। महंगाई पर मुस्तैदी से ध्यान देना जरूरी है क्योंकि मौसम की एक भी प्रतिकूल घटना मुद्रास्फीति को पांच फीसदी से ऊपर ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति के तहत उठाए कदमों के कारण मुद्रास्फीति 2022 में 7.8 फीसदी के उच्चतम स्तर से कम होकर वर्तमान में 4.7 फीसदी रह गई है। उन्होंने कहा कि मूल्य वृद्धि का निम्न स्तर सतत वृद्धि तय कर सकता है।



दास ने कहा कि उच्च मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करती है, अर्थव्यवस्था को घरेलू और विदेशी निवेश दोनों के लिए प्रतिकूल गंतव्य बनाती है। सबसे महत्वपूर्ण, उच्च मुद्रास्फीति का मतलब लोगों, विशेषकर गरीब लोगों की क्रय शक्ति को कम करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में सरकारी व्यय से वृद्धि को गति मिल रही है। अब इस बात यह साफ होता है कि निजी पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है और सीमेंट और इस्पात जैसे बुनियादी ढांचे से जुड़े क्षेत्रों में सबसे ज्यादा रुचि दिखाई दे रही है।

उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था तभी आगे बढ़ेगी जब कई क्षेत्रों में तेजी आएगी और उन्होंने वृद्धि को गति देने के लिए सभी क्षेत्रों पर जोर देने की बात कही। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन समेत कुछ विशेषज्ञों के भारत की वृद्धि के लिए सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने की बात कहे जाने के बीच उन्होंने यह बात कही है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था अपनी वृद्धि महत्वकांक्षा को हासिल करने के लिए विनिर्माण या सेवा में से किसी एक पर निर्भर नहीं रह सकता है।

# अयोध्या में टाटा समूह बनाएगा टेंपल म्यूजियम

## योगी सरकार ने 1 रुपये लीज पर दी जमीन

**लखनऊ।**

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के उद्घाटन होने के बाद से अयोध्या का नाम विश्व पटल पर फिर छा गया है। तमाम बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां होटल और रियल एस्टेट डेवलपमेंट करने में जुटी है। रातोंरात अयोध्या की जमीनों के रेट कई गुना बढ़ गए। इस बीच खबर है कि यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने टाटा समूह की कंपनी टाटा संस को महज 1 रुपये सालाना किराए पर जमीन दी है। फैसले पर योगी सरकार की कैबिनेट ने भी मुहर लगा दी है। योगी सरकार के पर्यटन विभाग ने टाटा संस को 1 रुपये सालाना किराए पर 90 साल के लिए जमीन की लीज दी है। जमीन पर टाटा संस टेंपल म्यूजियम यानी मंदिरों का अजायबघर बनाएगी। टाटा संस ने कहा है कि अपने कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से 650 करोड़ खर्च कर टेंपल म्यूजियम बनाएगी। यह म्यूजियम अयोध्या की सदर तहसील के मांझा जामतारा गांव में बनाया जाएगा। टाटा संस 650 करोड़ में टेंपल म्यूजियम बनाने के साथ ही इसके आसपास और भी इन्फ्रा तैयार करेगी। इसके लिए कंपनी ने 100 करोड़ रुपये खर्च करने की बात कही है। टाटा संस ही इस म्यूजियम की देखरेख व प्रबंधन का काम भी करेगी। अनुमान है कि योगी सरकार म्यूजियम के लिए करीब 2 एकड़ जमीन को 1 रुपये सालाना किराये पर 90 साल के लिए लीज पर देगी। बात दें कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्ये या में रोजाना करीब 2 से 4 लाख लोग दर्शन करने आते हैं। म्यूजियम व अन्य पर्यटन स्थलों के विकसित होने के बाद सैलानियों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र का कहना है कि मंदिर का पूरा काम मार्च, 2025 तक समाप्त हो जाएगा, जबकि पहली मंजिल का काम जुलाई के आखिर तक पूरा करने का लक्ष्‍य है।




यूपी वालों को एक और सौगात मिलने वाली है। योगी सरकार लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में हेलीकॉप्टर सर्विस शुरू करने जा रही है। इसके लिए हेलीपैड बनाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी, जिसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनाया जा रहा है। इस सर्विस का फायदा आम आदमी को भी मिलेगा, जिसके लिए किराया चुकाना पड़ेगा।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें नीचे आयी हैं। आज सुबह सोने के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई पर बाद में ये नीचे आने लगे। सुबह सोने का वायदा भाव 71,400 रुपये के करीब, जबकि चांदी का वायदा भाव 86,850 रुपये के करीब पहुंच गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव में कमजोर आई जबकि चांदी के वायदा भाव में बढ़त रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई पर बाद में कीमतें नीचे आने लगीं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अगस्त अनुबंध आज 51 रुपये की तेजी के साथ 71,518 रुपये के भाव पर खुला। ये 71,522 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,370 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने का वायदा भाव पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 76 रुपये की गिरावट के साथ 86,861 रुपये पर खुला। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गये थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत में तेजी रही पर बाद में दोनों के भाव में गिरावट देखी जाने लगी। कामेक्स पर सोना 2,331.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला इसका पिछला बंद भाव 2,330.80 डॉलर प्रति औंस था। वहीं कामेक्स पर चांदी का वायदा भाव 28.96 डॉलर के भाव पर खुले। इनका पिछला बंद भाव 28.86 डॉलर था।

## 100 अरब डॉलर बाजार वैल्यू का बैंक बना आईसीआईसीआई

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने नया इतिहास रचा है। बैंक की मार्केट वैल्यू 25 जून को 100 अरब डॉलर (8.42 लाख करोड़ रुपए) के पार पहुंच गई। इसके साथ ही बैंक देश की 6वीं ऐसी कंपनी बन गई है, जिसकी मार्केट वैल्यू 100 अरब डॉलर से ज्यादा है। बैंक का स्टॉक साल 2024 में 20 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। पिछले एक हफ्ते में ही बैंक के स्टॉक लगभग 7 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। निजी क्षेत्र के दिग्गज बैंक आईसीआईसीआई के स्टॉक में मंगलवार को भी तेजी देखने को मिली है। फिलहाल 100 अरब डॉलर क्लब में आईसीआईसीआई के अलावा 5 और कंपनियां भी शामिल हो चुकी हैं। आईसीआईसीआई बैंक के स्टॉक ने एक साल में करीब 30 फीसदी रिटर्न दिया है। इस 100 अरब डॉलर क्लब में 235 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिस्ट में टॉप पर है। टीसीएस (टीसीएस) का मार्केट कैप 166 अरब डॉलर, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 156 अरब डॉलर और भारती एयरटेल का मार्केट कैप 101 अरब डॉलर है। साल 2021 में इस क्लब में शामिल हुई इंफोसिस का मार्केट कैप अब घटकर 80 अरब डॉलर से नीचे आ गया है। कुल 6 कंपनियां इस स्तर को पार कर चुकी हैं। मगर, सिर्फ 5 ही फिलहाल इस स्तर से ऊपर हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in